भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 335 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 21 दिसम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

**क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज**

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## मेजा एसडीएम का अर्दली संदिग्ध हाल में मृत मिला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मेजा एसडीएम विनोद कुमार पांडेय का अर्दली अमरनाथ शर्मा (59) संदिग्ध हाल में मृत मिला। उसका शव रामबाग फ्लाईओवर के नीचे पड़ा मिला। वह कुछ घंटों पहले शहर से नैनी स्थित अपनी बेटी के घर जाने के लिए निकला था। उसकी मौत कैसे हुई, इसका पता नहीं चल सका है। जिसके बाद शव को मर्चरी भेजवा दिया गया है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस जानकारी से इंकार करती रही। मूल रूप से मांडा के कोषणाकला गांव का रहने वाला था। वह मेजा एसडीएम का अर्दली था। परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम को भी तैनात किया गया है, ऐसे में सोमवार को वह दिन भर उनके साथ था। शाम को एसडीएम को उनके आवास तक छोड़ने निकला और इसके बाद पैदल ही नैनी में रहने वाली बेटी के घर जाने को निकल गया। शाम करीब छह बजे के करीब वह संदिग्ध हाल में रामबाग फ्लाईओवर के नीचे मृत मिला।

आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल भेजवाया जहां से शव मर्चरी भेज दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि वह हादसे का शिकार हो गया। चौंकाने वाली बात यह है कि कोतवाली, कीडगंज व जार्जटाउन पुलिस इस बारे में जानकारी से इंकार करती रही। उधर मौत की खबर घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। मृतक अगले साल मार्च में रिटायर होने वाला था। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं।

# संगमनगरी में लाखों महिलाओं को आज सौगात देंगे प्रधानमंत्री,नरेंद्र मोदी

## विशेष विमान से बमरौली एयरपोर्ट , व वायु सेना के हेलीकॉप्टर से परेड ग्राउंड पहुंचेंगे प्रधानमंत्री





**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को संगमनगरी में मातृशक्ति के महाकुंभ में भाग लेंगे। परेड मैदान पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वह स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं से संवाद करेंगे। इस दौरान एसएचजी के बैंक खातों में एक हजार करोड़ रुपये भी डालेंगे, इससे 16 लाख महिलाओं को मदद मिलेगी। इसके अलावा पीएम आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाओं को सम्मानित भी करेंगे। इस कार्यक्रम में ढाई लाख से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। प्रधानमंत्री मोदी का विशेष विमान करीब पौने एक बजे बम्हरौली पर उतरेगा। वहां से वह हेलिकॉप्टर से परेड मैदान पहुंचेंगे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सांसद हेमा मालिनी समेत कई महिला सांसद एवं मंत्री भी मौजूद रहेंगे। करीब दो घंटे तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान पीएम प्रदेश में बनने वाले 202 टेक होम राशन प्लांट का शिलान्यास करेंगे।इनके अलावा एक लाख स्वयं सहायता समूहों के खातों में एक हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर करेंगे। इनके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की एक लाख एक हजार लाभार्थियों के खाते में भी 20 करोड़ से अधिक रुपये ट्रांसफर करेंगे। प्रधानमंत्री का संगम पूजन का कार्यक्रम भी संभावित है। इसके लिए तैयारी की गई है। बम्हरौली एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का विमान करीब पौने तीन बजे रवाना होगा।

## 20 हजार सखियों को पहले वेतन के रूप में मिलेंगे चार हजार

पीएमओ के मुताबिक इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सखी योजना को बढ़ावा देने के लिए 20 हजार सखियों के खातों में पहले वेतन (स्टाइपेंड) के तौर पर चार-चार हजार रुपये भी डालेंगे। ये सखी घर-घर जाकर जमीनी स्तर पर वित्तीय सेवाएं देती हैं।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से सोमवार को बताया गया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, उन्हें आवश्यक कौशल, संसाधन और प्रोत्साहन प्रदान करने के प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पीएमओ के मुताबिक, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत धनराशि का हस्तांतरण किया जाएगा। इसमें 80 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश फंड के तहत 1.10 लाख रुपये प्रति समूह और 60 हजार एसएचजी को 15000 रुपये प्रति समूह की दर से राशि दी जाएगी।



**स्वच्छ अझुवा** **सुन्दर अझुवा**

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

# आदर्श नगर पंचायत, अझुवा जनपद -कौशाम्बी



**नगर पंचायत अझुवा के नागरिकों से आवश्यक अपील**



1. 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिक कोविड-19 का टीका अवश्य लगवायें। 2. टीकाकरण के बाद भी सावधानी रखें। मास्क पहनें, दो गज की दूरी का पालन करें व अपने हाथों को साबुन या सेनेटाइजर से साफ रखें। 3. कोविड-19 महामहारी के चलते सरकार द्वारा समय-समय पर जारी गाइड लाइन का पालन करते रहें।4. नगर को स्वच्छ बनायें और बिमारी से दूर रहने के लिए खुले में शौंच न जायें। 5. किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से दूर रहें। नाला/नाली व सड़कों को अवरोध मुक्त रखें।6. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर करवायें और किसी अनावश्यक कागजी कार्यवाही से मुक्त रहें। 7. भवन कर, जलमूल्य तथा लाइसेसिंग शुल्क का समय से भुगतान अवश्य करें। 8. नगर पंचायत अझुवा द्वारा बनाये गये सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**संचारी रोग से बचाव हेतु**

1. मच्छरों से बचाव- दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवायें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें।, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी एकत्र न होने दें।, पानी की टंकी पूरी तरह से ढककर रखें, पूरी बाँह वाली कमीज और पैंट पहनें, कूलर, गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखायें।
2. संक्रामण रोगो से बचाव के उपाय- नालियों में जलभराव रोकें उनकी नियमित सफाई करें, जानवर बाड़े घर से दूर रखें, खाने से पहले साबुन से हाथ धोयें, खुले में शौच न करें तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करें। कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें, बच्चों को जे0ई0 दोनों टीके लगवायें।

**सूर्य प्रकाश**
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

**अनिल कुमार**
अध्यक्ष
नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/न.प.आ./ 2021-22 दिनांक 20-12-2021

**खबर संक्षेप**

## ग्राम प्रधान के उपचुनाव में प्रतापपुर के बसनेहटा में 60 फीसदी मतदान

**प्रतापपुर।** विकास खण्ड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत बसनेहटा के ग्राम प्रधान के उपचुनाव में 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमे दस उम्मीद वारों के भाग्य का फैसला मतपेटियो में बंद हो गया कुल 1681 मतों में 1018 मत पड़े।सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में 2 बजे तक मात्र 25 फीसदी मतदान हुआ।दोपहर बाद मतदाताओं में उत्साह दिखा। चुनाव कड़ी सुरक्षा एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया।चुनाव अधिकारी मनोज राव एवं एडीओ पंचायत राज बहादुर यादव ने बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे से मतगणना विकास खण्ड मुख्यालय पर होगी इसके बाद परिणाम घोषित किया जायेगा।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की प्रयागराज माघ मेला में की जा रही तैयारियों की समीक्षा

## डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दिए व्यापक दिशा निर्देश ,कहा समय से सभी तैयारियां करें पूरी

**अखंड भारत संदेश**




माघ मेले की समीक्षा करते उपमुख्यमंत्री



रैली का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को मेला प्राधिकरण सभागार प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगम में होने वाले माघ मेला क्षेत्र के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सभी तैयारियों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए ,जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।जल निगम, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा माघ मेला के दृष्टिगत की जाने वाली व्यवस्थाओं के बाबत बिंदुवार जानकारी हासिल की तथा अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह माघ मेला के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर सभी तरह के प्रबंध करें। पांटून पुलों के निर्माण के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय के अंदर हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने बताया कि लगभग 3 पुल पांटून पुल तैयार हो चुके हैं ,पूरी कोशिश है कि दिसंबर माह में ही सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। सर्विस रोड ,मेन रोड आदि के कार्यों को भी समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कुंभ मेले की तरह ही माघ मेले में स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कल्पवासियों के दृष्टिगत भी की जाने वाली तैयारियों की जानकारी हासिल की और कहा की व्यवस्थाओं को इस तरह से अंतिम रूप दिया जाए कि किसी भी स्नानार्थी, कल्पवासी व श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। बैठक में स्थानीय विधायक गण, मेला अधिकारी शेषमणि पांडे, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता किशोर कुमार पाहुजा सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज के परेड ग्राउंड में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 21 दिसंबर 21 होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। तथा सर्किट हाउस में महान समाज सुधारक एवं स्वच्छता अभियान के प्रणेता संत गाडगे बाबा जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज झरोखा

### अध्यापक युग निर्माता तो छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता : अभिषेक



**घूरपुर।** विद्यार्थियों के ही कंधो पर आने वाला कल का भार टिका हुआ इसीलिए देश के विद्यार्थी जितना अधिक मजबूत एवम संस्कारवान होंगें देश की प्रगति भी उसी के आधार पर होंगी उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने चाका ब्लाक के तेंदुआवन प्राथमिक विद्यालय मे वृक्षारोपण के दौरान व्यक्त किये। इस दौरान श्री पटेल ने वृक्ष की अनेकों खूबियों का वर्णन भी छात्र -छात्राओं के बीच अपने अनुभवो को साझा किये।उक्त अवसर पर युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल ने विद्यालय की ही शिक्षिका ममता मिश्रा के पढ़ाने की कार्यशैली की प्रशंसा किये साथ ही शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी झुनझुनवाला के द्वारा विद्यालय मे निजी वेतन से दिए गये कंप्यूटर को छात्र हित मे ऐतिहासिक कदम बताया। प्रधानाध्यापक श्री सूर्यकान्त गुप्ता ने शोध छात्र अभिषेक पटेल के सामाजिक कार्यो की प्रसंशा के साथ ही विद्यालय मे पौधे भेंट करने के लिए आभार भी प्रकट किये। श्रीमती मीनाक्षी झुनझुनवाला, श्री ममता मिश्रा, श्रीमती मनीषा जायसवाल, श्रीमती लीला देवी, श्रीमती लतिका शर्मा, श्रीकुमार संतोष आदि शिक्षक,शिक्षिकाओं समेत विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहें।

### एबीवीपी की फूलपुर नगर ईकाई का हुआ विस्तार



**फूलपुर।** नगर इकाई के विस्तार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एक बैठक सोमवार को फूलपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में फूलपुर और बाबूगंज नगर ईकाई की घोषणा की गई। जिसमें किशन साहू को एबीवीपी का फूलपुर नगर अध्यक्ष व आदित्य केशरी को नगर मंत्री पद का दायित्व मिला। वहीं नंदिनी विश्वकर्मा को नगर सह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। जितेंद्र मौर्या, मोहित जायसवाल, अभय गुप्ता, आयुष केशरी, प्रियांशु केशरी, बाबूगंज एवं सरैया नगर मंत्री आदित्यन मौर्या, नगर सह मंत्री शिवम सोनी को भी महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी गई। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए दायित्वों के बखूबी निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दी। ईकाई विस्तार में जिला सह संयोजक विशाल कुमार सत्या ने कहा की अभाविप जिस तरह से समाज, छात्र व देशहित के लिए पूरे वर्ष निष्ठापूर्वक कार्य करता है वह अन्य लोगों के लिए प्रेरणा है। नगर विस्तार में तहसील प्रमुख फूलपुर महेश विश्वकर्मा, तहसील संयोजक फूलपुर वशिष्ठ सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया नवीन चौरसिया, प्रांत कार्य समिति सदस्य राजकुमार कश्यप, तहसील सह संयोजक प्रशांत राजा वर्मा सहित अन्य एबीवीपी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन का वार्षिक अधिवेशन



**प्रयागराज।** इंडियन रेलवे इंप्लाई फेडरेशन यानी आई आर एफ का वार्षिक अधिवेशन कपूरथला, पंजाब में सम्पन्न हुआ जहां कॉमरेड मनोज पाण्डेय, महामंत्री एनसी आरडब्लूयू को सर्व सम्मति से पुनः आईआरएफ का राष्ट्रीय अध्यक्ष, कॉमरेड संजय तिवारी को केंद्रीय सहायक महामंत्री व कॉमरेड कमल उसरी को राष्ट्रीय सचिव चुना गया। जिसपर अधिवेशन से वापस प्रयागराज लौटने पर यूनियन के पदाधिकारियों व रेलकर्मियों ने स्टेशन पर सहायक महामंत्री व मीडिया प्रभारी कॉमरेड सैयद इरफात अली की अगुवाई में उनका जोरदार स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## एडीजी व डीआईजी साहब इधर भी ध्यान दें !

# नैनी कोतवाली के मातहतों ने आपके निर्देशों को उड़ाया हवा में ....

**अखंड भारत संदेश**

**अवैध मिट्टी से भरे क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेने की दूर की बात, मौके पर भी नहीं पहुंचे**



**नैनी।** डीआईजी/ एसएसपी साहब आए दिन मीटिंग कर क्राइम ग्राफ को प्रयागराज से कम करने के लिए मातहतों को निदेशों पर निर्देश देते रहते हैं, लेकिन नैनी कोतवाली से जुड़े मातहतों की फौज उनके दिए गए निर्देशों का कितना पालन करते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण प्रस्तुत है।

नैनी कोतवाली पुलिस का कार्य करने का तरीका यदि प्रयागराज के समस्त थानों से संबंधित पुलिसकर्मियों को सीखना हो तो वह नैनी कोतवाली से संपर्क करें, ताकि वर्तमान के दौर में ठंड के सर्द रात के सन्नाटे में किस प्रकार अवैध रूप से मिट्टी व बालू लदे वाहनों पास कराया जाता है। यह तरीका सीखना है तो जरूर नैनी कोतवाली पुलिस से संपर्क करें। जानकारी होने के बाद भी मौके पर क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेने की बात तो दूर, उस पर लदे मिट्टी अवैध है कि वैध है, इसकी भी जांच पड़ताल करने के लिए मौके पर पुलिस की टीम नहीं पहुंची। साथ ही संबंधित खनन विभाग को भी जानकारी नहीं दी गई। इतना ही नहीं आला अफसरों को भी अंधेरे में रखा गया। उन्हें भी जानकारी नहीं दिया गया। हालांकि सोशल मीडिया के माध्यम से संबंधित नैनी कोतवाली से जुड़े पुलिसकर्मियों से लेकर आला अफसरों को जानकारी मुहैया हो चुकी थी। फिर भी कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मालिक से वार्ता कर हजार्ना वसूलते हुए उसे छोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी के समीप वाटर पार्क के निकट रविवार सुबह लगभग 7:00 बजे सुपर फास्ट रफ्तार में चालक द्वारा अवैध रूप से खनन की गई मिट्टी को ट्रैक्टर ट्रॉली पर लादकर आगे की ओर लेकर जा रहा था। जैसे ही वह उक्त स्थान पर पहुंचा और सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, अचानक विद्युत तारों में बिजली की चिंगारी निकलने लगी और आवाज होने लगी। आसपास के लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि बिजली के खंभे से उक्त वाहन के टकराने की वजह से बिजली के तारों से चिंगारी निकल रही है और चालक वाहन को छोड़कर फरार हो रहा है। इतना ही नहीं गनीमत रही कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निगम लिमिटेड की ओर से स्थापित लाखों रुपए के ट्रांसफार्मर धड़ाम होने से बच गया, लेकिन बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। जिससे लोगों को बिजली के साथ ही पेयजल की समस्या से परेशान होना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नैनी कोतवाली पुलिस से लेकर इलाकाई पुलिस को भी सूचना दी, लेकिन अवैध मिट्टी को कब्जे में लेने के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों की फौज मौके पर नहीं पहुंचे। वहीं बिजली विभाग की टीम पहुंची तो घंटों पंचायत के बाद क्षतिग्रस्त वाहन के मालिक से हजार्ना वसूला गया और उसे छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि उक्त वाहन से से बीती रात भर मिट्टी सप्लाई की गई और सुबह लगभग 7:00 बजे चालक को झपकी लग गई। वह सड़क किनारे बिजली क के खंभे से जा टकराया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति मॉर्निंग वॉक के लिए नहीं निकला था। नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी का खनन देवरख कछार से लेकर मवैया व लवायन कला और मुंगारी में बड़ी जोरों से जारी है। संबंधित थानों व पुलिस चौकियों समेत खनन विभाग से जुड़े से जिम्मेदार लोगों को पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर जीरो हैं। किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। बता दें कि यह सिलसिला बीते कुछ वर्षों से जिस प्रकार जारी है, उसी प्रकार अभी भी चल रहा है। जबकि प्रयागराज के कप्तान क्राइम ग्राफ को कम करने के लिए मीटिंग दर मीटिंग करने में जुटे रहते हैं और उनके मातहत उनके आदेशों का कितना पालन करते हैं यह जीता जागता उदाहरण है।



मुकदमा वापसी के लिए सांसद से गुहार लगाते कचरी के किसान

# कचरी पॉवर प्लांट : प्रभावित किसानों पर लदे मुकदमे वापस हों : डॉ भगवत पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** बीते कुछ वर्ष पहले कचरी पावर प्लांट मे अधिग्रहीत जमीन को लेकर आंदोलनरत किसानो के मुकदमे वापस किए जाने चाहिए।थर्मल पावर की दृष्टि से तत्कालीन प्रदेश सरकार मे जमीन अधिग्रहीत की गई थी जिसे औने पौने दाम पर बेच दिया गया था।इसे लेकर कई किसान उचित मुआवजा की मांग करते हुए आंदोलनरत रहे और सरकारो द्वारा जबरन कई किसानो पर एफआईआर दर्ज करा दी गई थी।जागृति मिशन के सयोजक डॉ. भगवत पाण्डेय के साथ राजबहादुर पटेल समेत कई किसानो ने लिखित पत्र के माध्यम से सांसद डा0 रीता बहुगुणा जोशी से मिलकर वस्तु स्थिति को अवगत कराते हुए काफी दिनो से किसानो पर लादे गये मुकदमो को वापस करने की गुहार लगाई।इसे लेकर मिशन के संयोजक डॉ. पाण्डेय ने कहा कि किसानो पर लदा मुकदमा जनहित मे वापस किया जाना जरूरी है। सांसद ने भी मामले से अवगत होकर सार्थक पहल करने और किसानो का हित सुरक्षित रखने की बात कही।इस मौके पर मिशन के लोग और कई किसान मौजूद रहे।

# वार्षिक खेलकूद में शौर्य, अंशू, वर्तिका प्रथम

## रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल में रानी साहिबा के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष होता है आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूली छात्र रस्सा कसी करते

**शंकरगढ़।** रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढकर सहभागिता की। विभिन्न श्रेणी में हुई प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रानी साहिबा के जन्मदिन (20 दिसंबर) पर प्रत्येक वर्ष किया जाता है। आज वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ मां वीणापाणि की वंदना और रानी साहिबा को याद करते हुए किया गया। प्रतियोगिता के नर्सरी, यूकेजी, प्रथम से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। बास्केट बाल, नर्सरी में शौर्य प्रताप ने प्रथम और दीप सेकेंड स्थान प्राप्त किया। इसी तरह यूकेजी के बच्चों ने बैलून पैरेट प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें वर्तिका यादव प्रथम, प्रबल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एक के लिए हुई ग्लास बैलून प्रतियोगिता में अंशू प्रथम और आरूह सेकेंड रहे।

**आर्यन ने जीती 50 मीटर दौड़**

जबकि कक्षा दो बच्चों ने 50 मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। इसमें आर्यन और जीत ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि टोमैटो स्लाइस (कक्षा तीन) में सचिन प्रथम, अंजली द्वितीय, ज्वाइंट लेग (कक्षा पांच)में अनुप्रिया प्रथम, आस्था द्वितीय रहीं। इसी तरह एक अन्य प्रतियोगिता मेंहर्ष ने पहला और मानस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि लांग जंप में हिमांशु यादव ने प्रथम और नस्त्रा त्रिपाठी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए सभी स्टाफ को बधाई दी। बताया कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव आगामी 22 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ की। इस मौके पर रामबोध खरवार,सीपी सिंह, राकेश चंद्र मिश्रा, ओपी धारिया, प्रेमलता केसरवानी, अखिलेश सिंह, नीलम सिंह, रुचि शुक्ला, नीलम त्रिपाठी, साक्षी सिंह आदि मौजूद रहीं।




## विशाल स्वास्थ्य शिविर में बढ़-चढ़कर लोगों ने कराया जांच

**जसरा।** वसुधा फाउंडेशन और लायंस कलब प्रयागराज वसुधा के ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आशा पाली क्लीनिक जसरा प्रयागराज में किया गया जिसमें डा पंकज यादव और टीम द्वारा नेत्र जाँच ऋजू श्रीवास्तव द्वारा मधुमेह जांच, अंजली गुप्ता द्वारा ब्लडप्रेशर जांच डा संजय गुप्ता द्वारा दांतों की जांच एवम डा नीतिन यादव द्वारा सामान्य रोग जांच की गई करीब 35 लोगों को चश्मे की जरूरत थी जिसे बनवाकर दिया जाएगा मोतियाबिंद के मरीजों के आपरेशन की व्यवस्था मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में की गई सुबह 10 बजे से शुरू हुए शिवर में करीब तीन बजे तक ढाई सौ लोगों की जांच परामर्श,दवाओ वितरण रक्तचाप और मधुमेह जांच की गई शिविर की व्यवस्था चंद्रमौली, चार्टर अध्यक्षलायन मैथिली सिंह, लायन उर्मिला जायसवाल, लायन सुशीला शुक्ला ने किया।

# मांगों को लेकर नागरिक पीजी कालेज के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

## महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** उत्तर प्रदेश विश्व विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर 17 दिसंबर से काली पट्टी बांधकर काम करने के क्रम में 20 दिसंबर को नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर काम किए। फुपुक्टा के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉक्टर गंगेश दीक्षित ने बताया है कि हम सभी 24 तारीख को विश्व विद्यालय मुख्यालय पर धरना देंगे और उसके बाद भी अगर सरकार नहीं सुनी तो हम 3 तारीख को लखनऊ में एक विशाल धरना देने जा रहे हैं शायद उसके बाद सरकार की तंद्रा टूटे ।हमारी 24 सूत्रीय मांगे हैं जिस पर लगातार सरकार से वार्ता हो रही है लेकिन सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया और वादाखिलाफी किया। प्रदेश के सभी शिक्षक आंदोलित हैं और अगर यह मांग नहीं मानी गई तो निश्चित रूप से इसका दुष्परिणाम सरकार को चुनाव में भुगतना होगा।प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, प्रोफेसर पदनाम की विसंगतियों को दूर करना, पीएचडी और एम फिल प्रोत्साहन भत्ता, सेवानिवृत्त आयु 65 करने, बिना अनापत्ति प्रमाण और समय सीमा कम करके स्थानांतरण, आमेलन से वंचित मानदेय शिक्षको को आमेलित करना तथा आमेलित मानदेय शिक्षकों को कैस का लाभ दिया जाना प्रमुख है।इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमाकांत सिंह सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नागरिक पीजी कालेज जंघई के शिक्षक

## अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है : धनेश्वर महाराज

**जंघई।** चनेथू गाँव में चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू प्रांगण में आयोजित सार्वजनिक मानस ज्ञान महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास धनेश्वर महाराज ने कहा कि रामायण हमें जीने के तरीके सिखाती है। कथा व्यास ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि दूसरों की सम्पत्ति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे। रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, ऐसा सिखाती है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए, उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। इस अवसर पर कथा के संरक्षक नारायण स्वामी, यज्ञाचार्य धरणीधर शुक्ल, इंजीनियर घनश्याम पांडेय, मनमोहन पांडेय आचार्य, सत्यम आचार्य, महंत बालक गिरी, यजमान रमेश कुमार तिवारी, चंद्रशेखर पांडेय, सरोज दुबे, संदीप गुप्ता, पिंटू मिश्रा, चंदू तिवारी, डिंपी पांडेय, विशाल मिश्रा,लल्लन प्रसाद पांडेय, कपिल तिवारी, राजेन्द्र शुक्ल, मंगला उपाध्याय, शिवशंकर दुबे बबलू, रमेश मिश्रा, आशीष शुक्ल, विद्याधर दुबे, राकेश दुबे दादे, अभिनव पांडेय कल्लू, अभिषेक तिवारी आदि रहे।

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**करछना।** तहसील क्षेत्र के अंतहिया गांव में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की एक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर के के शुक्ला अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग अध्यक्ष प्रयाग उपस्थित रहे उन्होंने हिंदुओं को एकत्रित होने एवं संगठन की संरचना को बताया एवं आने वाली कई कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए वक्तव्य दिया नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जिसमें राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, आनंद मिश्रा राष्ट्रीय बजरंग दल ब्लॉक उपाध्यक्ष ,राजेश पटेल ब्लॉक उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, एवं संजीव कुमार तिवारी को किसान परिषद ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा हुई जिसमें प्रमुख रुप से तिवारी जी संदीप तिवारी एवं गांव एवं क्षेत्र के उमानंद बुजुर्ग लोग सम्मिलित हुए एवं युवा साथी मौजूद रहे।




फ्लीट रिहर्सल करते एसपीजी के जवान वअधिकारी




हेलीकॉप्टर लैंडिंग का रिहलसल करते वायु सेना का हेलीकॉप्टर

# ड्रोन कैमरे से शुरू हुई निगरानी, फ्लीट रिहर्सल से परखी गई तैयारियां

अखंड भारत संदेश

## 85 हजार वर्ग मीटर में तैयार किया गया पंडाल

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए सोमवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। एसपीजी की टीम ने पीएम के काफिले की गाड़ियों के साथ ही फ्लीट रिहर्सल किया। उधर पूरे कार्यक्रम स्थल की निगरानी ड्रोन से भी शुरू कर दी गई। न सिर्फ कार्यक्रम बल्कि पार्किंग स्थलों की भी निगरानी की जा रही है।

कार्यक्रम के मद्देनजर एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले की गाड़ियां पुलिस लाइन पहुंच गई थीं। इनमें पायलट व वार्निंग कार के साथ ही जैमर व्हीकल भी शामिल रहे। सोमवार दोपहर इन सभी वाहनों को परेड ग्राउंड स्थित हेलीपैड स्थल तक लाया गया। इसके अलावा पुलिस के अन्य वाहन भी शामिल रहे।दोपहर बाद इन वाहनों को सम्मिलित करते हुए एसपीजी कवर के साथ फ्लीट रिहर्सल शुरू कराई गई। फ्लीट को लाल सड़क पर स्थित हेलीपैड के पास से मंच तक ले जाया गया। हेलीपैड से मंच तक पहुंचने वाले समय को भी अंकित किया गया। इसके बाद उसी क्रम में फ्लीट को वापस हेलीपैड तक ले जाया गया।



सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस के जवानों को निर्देशित करते अधिकारी

### ड्रोन कैमरे से ली गई लाइव फीड

कार्यक्रम के दौरान चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए एक दिन पहले ही ड्रोन कैमरे से भी निगरानी शुरू कर दी गई। ड्रोन के जरिए कार्यक्रम स्थल के हर कोने का जायजा लिया गया। यही नहीं पार्किंग स्थलों के ऊपर भी ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। खास बात यह है कि ड्रोन कैमरे से मिलने वाली लाइव फीड पर नजर रखने के लिए डिप्टी एसपी स्तर का अफसर तैनात किया गया है। वह लाइव फीड के जरिए मिलने वाले एरियल व्यू से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हर शख्स की गतिविधि पर नजर रखेगा और मामला संदिग्ध होने पर उच्चाधिकारियों को फौरन इससे अवगत कराएगा।

### एसपीजी को सौंपी गई वीआईपी की लिस्ट

मंच पर पीएम के साथ जो भी वीआईपी मौजूद होंगे, उनकी सूची भी एसपीजी को सौंप दी गई है। पीएमओ की ओर से मंजूरी मिलने के बाद इस सूची में कोई संशोधन नहीं हो पाएगा। इसके बाद मंच ही नहीं बल्कि मंच तक पहुंचने के लिए बनाए गए रास्ते पर भी सिर्फ उन्हीं लोगों को जाने की अनुमति होगी, जिनका नाम इस सूची में शामिल होगा।

### आईट्रिपलसी से 24 घंटे निगरानी

अन्य सुरक्षा इंतजाम के साथ ही कार्यक्रम स्थल की इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईट्रिपलसी) से भी लगातार निगरानी शुरू कर दी गई है। इसकेलिए पुलिसकर्मियों की अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। परेड क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से मिलने वाली लाइव फीड से पूरे कार्यक्रम स्थल पर अनवरत नजर रखी जा रही है। दोपहर बाद आला पुलिस अफसरों ने भी सेंटर पर पहुंचकर पूरे मेला क्षेत्र का जायजा लिया।

### परेड ग्राउंड हेलीपैड पर किया गया रिहर्सल

परेड मैदान में हेलीकॉप्टर लैंडिंग से लेकर प्रधानमंत्री के मंच तक पहुंचने का रिहर्सल किया गया। सेना के हेलीकॉप्टर ने परेड मैदान में बने हेलीपैड पर लैंड किया। इस दौरान एसपीजी, स्थानीय पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौजूद रही। लैंडिंग के दौरान देखा गया कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है। हेलीपैड और आसपास की जगह को बम निरोधक दस्ते ने खोजी कुत्ता के साथ खंगाला। शाम को फ्लीट का रिहर्सल चलेगा।

# नगर निगम की डेढ़ सौ साल पुरानी इमारत की गिरी छत, मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज की डेढ़ सौ साल पुरानी इमारत में चल रहे लेखा विभाग की छत रविवार की देर शाम अचानक गिर गई। विभाग के कमरे की छत गिरने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद सोमवार को महौपार समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया। लेखा विभाग में 6 कर्मचारी तैनात है। ऐसे में अगर हादसा दिन में होता है, तो कई कर्मचारियों की जान जा सकती थी। नगर निगम के मुख्य इमारत में ही नीचे की ओर लेखा विभाग का कार्यालय है। रविवार की शाम चीफ फाइनेंस आफिसर भी अपने ही विभाग में थे। शाम को वह कार्यालय बंद कराकर घर चले गए। रात करीब 8 बजे विभाग की छत अचानक से नीचे गिर पड़ी। छत गिरने की तेज आवाज सुनकर निगम में मौजूद कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने घटना की सूचना अधिकारियों को दी।



नगर निगम की डेढ़ सौ वर्ष पुरानी क्षतिग्रस्त छत का दृश्य

### महापौर ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रात में ही घटना की सूचना महापौर को भी दे दी गई। सुबह होते ही अधिकारी और महापौर मौके पर पहुंच गई और घटना स्थल का निरीक्षण किया। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इमारत का निर्माण करीब 1864 में हुआ था। लेखा विभाग में 6 कर्मचारी बैठते है। जिसमें दो महिला कर्मचारी भी है। विभाग में ही रिकार्ड भी रखे जाते है। जिससे दिन भर बड़ी संख्या में कर्मचारियों व अन्य लोगों का आना जाना होता है। वही विभाग की छत पर लोग ठंड के कारण धूप लेने के लिए भी बैठते है। ऐसे में अगर हादसा दिन में होता तो बड़ी संख्या में लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। उधर महापौर ने बताया कि घटना रात की है, इसलिए कोई हताहत नहीं है। कमरे में फाइलें रखी हुई थी, उन्हें शिफ्ट कराया जा रहा है। निगम के भवन के कई हिस्सों में मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। हो सकता है, उसी के प्रेसर से छत गिरी हो।

## पीएम के दौरे के कारण मंगलवार को बंद रहेंगे स्कूल

**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रधानमंत्री के दौरे के कारण सभी स्कूल बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा की ओर से सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त व वित्तविहीन स्कूलों के प्राधानाचार्यों को इस संबंध में आदेश जारी किए है। जिन स्कूलों में लाभार्थियों को ठहराया गया है वे वहां की व्यवस्था देखेंगे। इसी क्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज की प्राचार्य ने 21 से 24 दिसंबर तक प्रस्तावित परिषदीय शिक्षकों के प्रशिक्षण को भी स्थगित कर दिया है।

# मोदी के कार्यक्रम में शंकरगढ़ से शामिल होंगी 1373 महिलाएं

### होटल, लॉज, धर्मशाला में चलाया गया तलाशी अभियान, बिना आईडी के आयोजन स्थल पर नहीं मिलेगा प्रवेश

**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 दिसंबर को प्रयागराज में होंगे। वह जनपद के परेड मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से 2.5 लाख महिलाओं के भाग लेने की संभावना है। आयोजन में स्वयं सहायता समूहों या फिर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया। उक्त आयोजन के सकुशल संपन्न कराने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही है।सोमवार को जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस महकमे ने विभिन्न स्तर पर की गई तैयारियों की समीक्षा की। इसमें महिलाओं को ले आने, उनके प्रवास, खाने-पीने का इंतजाम, सुरक्षा और सुरक्षित वापसी का भी कार्यक्रम शामिल है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर अफसरों की कई टीमें बनाई गई हैं। प्रदेश के अलावा प्रयागराज जनपद के सभी 23 ब्लाकों से तकरीबन 24 हजार महिलाएं इस आयोजन में भाग ले रही हैं। जिन्हे उनके गांवों से ले आने के लिए सैकड़ों बसों का इंतजाम किया गया है। सोमवार को ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को सेनिटाइजर, दवा, मास्क इत्यादि का वितरण किया गया। इसके अलावा इन महिलाएं के ब्रेक फास्ट और लंच का भी इंतजाम किया जा रहा है। विकास खंड शंकरगढ़ की बात करें तो यहां से 1373 महिलाएं भाग ले रही हैं। इनको ले आने और ले जाने के लिए 168 रोजगार सहायकों के अलावा प्रत्येक बस में लेडीज कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। न्याय पंचायत स्तर और ब्लाक स्तर पर मानीटरिंग के लिए अफसर की तैनाती की गई है। महिलाओं के ले आने और ले जाने के लिए शंकरगढ़ में कुल 42 बसों का इंतजाम किया गया है। ब्लाक मिशन प्रबंधक (एनआरएलएम) राममिलन ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही साथ इनकी समीक्षा भी की जा रही है।

### चप्पे-चप्पे की हो रही निगहाबानी

जनपद के परेड ग्राउंड में इतने बड़े पैमाने पर हो रहे आयोजन को लेकर तैयारियां भी जोरों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। आयोजन स्थल पर उच्चाधिकारियों के साथ एंटी सबाटोज और बीडीडीएस टीमें लगातार सक्रिय हैं। कार्यक्रम स्थल की गहन छानबीन की जा रही है। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के लिए कई स्तर पर सुरक्षा घेरा बनाया गया है। परेड मैदान से सटे होटल, धर्मशाला, लॉज की सघन जांच की जा रही है। पूरी सुरक्षा के लिए 10 हजार से अधिक जवान लगाए गए हैं। इसके अलावा पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर एसपीजी की भी नजर है। यहां आने-जाने वालों की आईडी भी चेक की जा रही है।

## प्रतापपुर से 778 महिलाएं होंगी शामिल

**प्रतापपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रयागराज में महिला सशक्तिकरण के लिए मंगलवार के कार्यक्रम में विकास खण्ड प्रतापपुर से एडीओ आईएसबी सुभाष चन्द्र वैश्य की अगुवाई में स्वयं सहायता समूह की 778 लाभार्थी महिलाएं शामिल होंगी।परेड ग्राउंड तक महिलाओं को लेकर जाने के लिए 24 बसों की व्यवस्था की गयी है।


## सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दयाशंकर गुप्ता पुत्र स्व. जमुना प्रसाद गुप्ता निवासी 6/25, आनन्द नगर, गली नं. 2, नैनी, करछना, प्रयागराज का स्थायी शान्ति प्रिय नागरिक हैं, प्रार्थी के दो पुत्र रोशन कुमार गुप्ता व हरिओम जी हैं। जिसमें प्रार्थी का बड़ा लड़का रोशन कुमार गुप्ता प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार के कहे सुने में नहीं रहता है लड़ाई -झगड़ा करता रहता है, चाल -चलन ठीक नही है उसका असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों का साथ है जिससे आजिज आकर मैं अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र रोशन कुमार गुप्ता को बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्य के लिए रोशन कुमार गुप्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।**

**दयाशंकर गुप्ता**
पुत्र स्व. जमुना प्रसाद गुप्ता
निवासी 6/25, आनन्द नगर
गली नं. 2, नैनी, करछना, प्रयागराज


# चित्रकला प्रतियोगिता के साथ नदी उत्सव का हुआ आयोजन



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित शिक्षक व डीपीओ

अखंड भारत संदेश

## नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र द्वारा हुई गोष्ठी एवं चित्रकला का आयोजन

**प्रयागराज।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नदी उत्सव कार्यक्रम हेतु सोमवार को नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा अरैल मे माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में गोष्ठी एवं गंगा स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 75 छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और गंगा स्वच्छता पर विभिन्न प्रकार की चित्रकारी करके कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, प्रयागराज (नमामि गंगे) की डीपीओ एषा सिंह ,कालेज के प्रिंसिपल विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, आचार्य विभूति नारायण सिंह, आचार्य पद्मासिंह ,आचार्य वंदना सिन्हा, राज्य प्रशिक्षक ओम प्रकाश मिश्र उपस्थित रहे ।नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज से डीपीओ एषा सिंह नमामि गंगे ने बताया नदी उत्सवह्व का मकसद लोगों की गंगा और घाटों की स्वच्छता के प्रति भागीदारी सुनिश्चित करना है। हमें माता की तरह हितकारिणी नदियों पर गर्व कर उन्हें स्वच्छ रखने की ओर आगे बढ़ना है । कार्यक्रम के समापन में विजेताओं छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार पायल सिंह , द्वितीया पुरस्कार श्रेया सिंह. तृतीया पुरस्कार अर्पिता सिंह को मिला। कार्यक्रम में स्वयंसेवक गुड़िया सिंह एवं अमन का अहम योगदान रहा 'कॉलेज के टीचरों की प्रमुख उपस्थिति रही ।

# सुमंगलम सेवा प्रकल्प से मेरा गहरा लगाव रहा है : डॉ.महेन्द्र सिंह

**करछना।** सुमंगलम् में पधारे सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम के साथ पुष्पगुच्छ देकर परिसर में भव्य स्वागत किया गया साथ में परिसर में रह रहे बच्चों द्वारा चंदन रोरी के साथ मंत्री जी की आरती उतारी गई कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा मां की वंदना से किया गया प्रबंध निदेशक अजीत जी ने श्री सुमंगलम सेवा प्रकल्प के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला स्वागत गीत राम लोचन सांवरिया द्वारा प्रस्तुति दी गई वही कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी सुजीत सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट जनों का परिचय के साथ माननीय मंत्री जी ने उद्बोधन में कहा श्रीं सुमंगलम सेवा प्रकल्प से सदैव जुड़ा हूं ,जुड़ा रहूंगा अमृत महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में आज के दिन सुखदेव, ठाकुर रोशन सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा भूमि के अर्चना में हवन हो गए, पूर्ण कर के बचन निर्वचन हो गए ,उन्हीं को समर्पित हम सब करते नमन राष्ट्रहित यज्ञ में जो हवन हो गए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा प्रकल्प के अध्यक्ष राधाकांत ओझा जी, डॉक्टर बीबी अग्रवाल, विजय प्रताप सिंह प्रशासनिक अधिवक्ता उच्च न्यायालय , पीयूष रंजन निषाद ,रामकृष्ण तिवारी, दिव्यानी जी ,अरविंद जी प्रबंध न्यासी (श्रीः सुमंगलम सेवा ट्रस्ट )पंकज जी, राजेश शुक्ला जिला महामंत्री भाजपा, वेदानन्द वेद,ग्राम प्रधान चाडी राजेश निषाद, ग्राम सभा , कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी श्री सुमंगलम घाट गंगा जी के तटीय इलाकों का निरीक्षण सर्वे करते हुए पक्के घाट के निर्माण कराने हेतु भी उपस्थित ग्राम सभा वासियों को आश्वासन दिया।




मंच पर उपस्थित मंत्री एवं गणमान्य लोग

# सुखदेव सिंह कॉलेज में किया गया फ्रेशर्स पार्टी

**सहसों।** नवागंतुक छात्र-छात्राओं के सम्मान में किया गया फ्रेशर्स पार्टी एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। सोमवार को क्षेत्र के सुखदेव सिंह महाविद्यालय एवं फामेर्सी एजुकेशनल कॉलेज चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के सम्मान में कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने एक फ्रेशर्स पार्टी एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक एवं ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने माता सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति मां सरस्वती की वंदना से की तथा कालेज के प्रबंधक एवं आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत भी गाय। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा कॉलेज के प्रांगण में बहुत ही मनोहारी, सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कॉलेज के प्रबंधक विपेन्द्र सिंह पटेल द्वारा छात्र छात्राओं को बुके एवं उपहार देकर सम्मानित एवं उत्साह वर्धन किया गया तथा उनके द्वारा संबोधन में सभी नए पुराने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। उन्होंने कहा सभी छात्र-छात्राओं का यह विद्यालय स्वागत अभिनंदन करता है तथा सभी छात्र छात्राएं अपने-अपने पठन-पाठन में तन्मयता के साथ अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य कुशल पूर्वक से कर अपने माता-पिता एवं कॉलेज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित राजेंद्र कुमार यादव, उपेंद्र सिंह एवं कॉलेज के समस्त कर्मचारी गण तथा समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




नवागंतुक छात्र छात्राओं के सममान में फ्रेर्स पार्टी में शामिल छात्र-छात्राएं


## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा वि. ख. करछना, प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15-12-2021 से दिनांक 23-12-2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30-12-2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30-12-2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन डीहा में इण्टरलाकिंग कार्य व टाइल्स एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 4.60 लाख | 2 माह |
| 2. | पंचायत भवन में बोरिंग एवं रेनीवाटर कार्य | 2.00 लाख | 1 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्रा. प. वि. अ./
टेण्डर/कोटेशन/2020-21/ दिनांक

**प्रेम चन्द्र**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना, प्रयागराज।

**शिवओम चौधरी**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना, प्रयागराज।

# मारपीट, छेडछाड व जानलेवा हमला की घटना पर ग्यारह लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एएसपी पश्चिमी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर घर मे घुसकर हुई मारपीट, छेडछाड एवं जानलेवा हमला, तोडफोड की घटना को लेकर दो पक्षो की तहरीर पर ग्यारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

लालगंज कोतवाली के महेशपुर गांव निवासी मेवालाल के पुत्र अमर बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात दिसंबर की शाम चार बजे रंजिश को लेकर गांव निवासी रामबरन के पुत्र कमलेश व कमलेश की पत्नी ममता तथा रामबरन की बेटी सुमन व पत्नी सुशीला एकराय होकर लाठी डण्डा व कुल्हाड़ी लेकर उसके घर पर हमला बोल दिया। आरोपियो ने घर मे घुसकर लोगों को जमकर मारापीटा। कुल्हाड़ी से किये गये हमले से पीड़ित का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी के साथ छेडछाड भी किया। शोर मचाने पर आरोपीगण जानलेवा धमकी देते चले गये।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के कमलेश पुत्र रामबरन निवासी महेशपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि गांव निवासी मेवालाल के पुत्रगण शेर बहादुर व अमर बहादुर तथा शेर बहादुर की पत्नी आरती एवं अमर बहादुर की पत्नी आरती व मेवालाल की पुत्री श्रीमती तथा झुल्लुर के पुत्रगण हरिगेन्द्र एवं उमेश एकराय होकर उसके घर मे घुस आये और परिवार के लोगों को मारने पीटने लगे। बचाव मे आई पीड़ित की मां आरोपियो के हमले से घायल होकर बेहोश हो गयी।

आरोपियो ने पीड़ित की बहन के साथ छेडछाड भी किया। शोर मचाने पर आरोपीगण तोडफोड व धमकी देते हुए चले गये।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र के आदेश पर दोनों पक्ष की तहरीर पर कुल ग्यारह लोगों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमला की घटना को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव निवासी हरिश्चंद्र सरोज पुत्र स्व. रामलखन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नींस दिसंबर को दोपहर तीन बजे उसके गांव के तिराहे पर स्थित टेन्ट की दुकान पर उसका भाई बैठा था। आरोप है कि इसी बीच पैसे के लेन-देन को लेकर गांव निवासी कोलई उर्फ भगौती प्रसाद के पुत्रगण छोटे लाल, राजेश कुमार व रमेश कुमार पीड़ित की दुकान पर पहुंचे। आरोपियो ने पीड़ित के भाई के साथ गालीगलौज करते हुए उसे धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। शोर मचाने पर आस-पास के लोग दौड़े तो आरोपीगण जानलेवा धमकी देते हुए भाग गये। तहरीर के आधार पर लालगंज कोतवाली पुलिस ने छोटे लाल समेत तीन आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज, धमकी व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

# कांग्रेस नेता संजय मिश्रा की अगुवाई में लड़की हूँ लड़ सकती हूँ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** 249 विधानसभा पट्टी के औराइन गांव से नारंगपुर बाजार तक पदयात्रा निकालकर समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा की अगुवाई में लड़की हूं लड़ सकती हूं कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस नेता के साथ महिलाओं ने औराइन गांव से नारंगपुर बाजार तक 3 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके महिलाओं के हक के लिए और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए हुंकार भरी । इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों संजय मिश्रा ने कहा कि महिलाओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नारियां अब अपनी शक्ति पहचान चुकी हैं कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं को उनकी हिस्सेदारी देने की बात कही गई है सरकार बनने पर उसे पूरा भी किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिया यादव, शीला यादव, साक्षी यादव, शिवानी यादव, मनीषा यादव ,रिंकी वर्मा ,प्रियंका यादव, प्रीति यादव , अंशु वर्मा ,अंजू वर्मा , रुखसाना ,अफसरी ,जुबैदा, खैरुल निशा ,अनीता सरोज ,लालती यादव ,कृष्णा यादव, सुशीला यादव, निर्मला वर्मा रीता वर्मा, शोभा वर्मा, स्मिता यादव, सुनीता यादव ,शांति तिवारी ,काजल मिश्रा, प्रिया तिवारी, राजकुमारी वर्मा ,रितेश दुबे ,सोनी पांडे, सुशील पांडे ,रीना पांडे ,विवेक पांडे, राम शिरोमणि यादव ,साधु ओझा, दिनेश तिवारी ,अविनाश, संतलाल सरोज ,राजेंद्र वर्मा ,राजमणि पांडे ,प्रमोद सरोज ,पप्पू सरोज राधेश्याम यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे संजय मिश्रा सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## कालाकांकर धान क्रय केंद्र में 8 हजार कुंटल धान की खरीद

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की एफसीआई गोदाम आलापुर में शासन की मंशा के अनुरूप 9 नवम्बर से 19 दिसंबर तक 8 हजार कुंटल धान की खरीद की गई।विपणन निरीक्षक श्रीमती ममता वर्मा ने बताया कि किसानों को टोकन देकर उनकी धान की खरीद की जा रही है जिसका निर्धारित रेट 1940 रु0 कुंटल है किसानों के धान का पैसा सीधे उनके खाते में आरटीजीएस से भेजा जा रहा है। किसानों से अपील किया है कि अपना धान को सही तरह सूखा कर व साफ सुथरा लाये तथा टोकन पर मिले समय के अनुसार अपना माल क्रय केंद्र पर लाये।

# एडीएम ने अलाव स्थलो तथा रैन बसेरा का किया निरीक्षण

## आठ स्थानो पर जलते मिले अलावा



शहर में अलाव का निरीक्षण करते एडीएम सुनील शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एडीएम वित्त एवं प्रभारी स्थानीय निकाय सुनील कुमार शुक्ला ने रविवार की देर शाम नगरपालिका द्वारा जलाये गये अलाव स्थानो तथा रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह भी साथ थे। एडीएम ने अपने निरीक्षण में शहर के आठ स्थानो अम्बेडकर चैराहा, रोडवेज बसड्डा, जिला अस्पताल, भंगवा चुंगी, सदर बाजार चैराहा, चैक घंटाघर आदि स्थानो पर अलाव जलते हुए देखा और संतोष जाहिर किया। एडीएम ने अंदर जाकर रैन बसेरा में दी गई सुविधाओ का जायजा लिया। बता दे कि इस वर्ष केवल नगरपालिका ही अलाव जला रही है। जबकि पिछले वर्ष तक तहसील प्रशासन भी अलाव जलवाता था। लेकिन इस बार तहसील प्रशासन ने अभी तक अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है। यदि तहसील प्रशासन भी अलाव जलवाये तो और भी अलाव जल सकते है। इस ओर प्रशासन को भी ध्यान देना पड़ेगा।

## पूरे नोती मे आज जनसभा को संबोधित करेंगे प्रमोद तिवारी व मोना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना आज मंगलवार को दिन मे बारह बजे लालगंज क्षेत्र के पूरे नोती मे आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी व विधायक मोना क्षेत्र मे अन्य विविध कार्यक्रमों मे शामिल होगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# खिलाड़ियो को प्रोत्साहित करते हुए विधायक ने बांटे ट्रैकसूट

## नजियापुर का मिनी स्टेडियम हो चुका है तैयारः धीरज ओझा



खिलाड़ियो को ट्रैकसूट देते विधायक धीरज ओझा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से दिलीपपुर बाजार स्थित भव्या मैरिज हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने खेल प्रोत्साहन नीति के तहत अपनी तरफ से विधानसभा क्षेत्र रानीगंज के 400 से अधिक युवा खिलाड़ियों एवं धावकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ट्रैकसूट वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब से केंद्र व प्रदेश मे मोदी व योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से खेल के क्षेत्र में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर खेल सुविधाओं के विकास से न केवल रानीगंज क्षेत्र पुष्पित पल्लवित हो रहा है बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के युवाओं में कुछ अलग कर दिखाने का जज्बा जागृत हुआ है। जहाँ माननीय मुख्यमंत्री योगी जी द्वारा रानीगंज क्षेत्र के विकास खंड बाबा बेलखरनाथधाम नजियापुर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है वही आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से कतरौली में खेलो इंडिया खेलो योजना से स्टेडियम निर्माण कार्य प्रस्तावित है। मा.मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से ही रानीगंज क्षेत्र के शिवसत में व्यायाम शाला के निर्माण के साथ दर्जनों गांवों में ओपन जिम एवं खेल मैदान का निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है। इतना ही नही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यो से प्रेरणा लेते हुए अपने क्षेत्र की कई क्रीड़ा प्रतिभाओं के विकास हेतु समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सदैव तत्पर रहे है। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्र जी ने कहा कि मोदी - योगी के नेतृत्व में आज केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास की नीति पर अंत्योदय हेतु जनहित में प्रभावी उपाय किये जा रहे है जिनका प्रत्यक्ष लाभ सीधे जरूरत मंद व्यक्तियों तक पहुंच रहा है जिससे भाजपा सबका विश्वास जीतने में सफल हुई है।

कार्यक्रम में भाजयुमो अध्यक्ष अंशुमान सिंह, सेवा निवृत्त जेल अधीक्षक कैलाश पति तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी दीपू शुक्ल, रत्नाकर तिवारी, शिव बहादुर सिंह, सुग्गू पाण्डेय, राजन तिवारी, भारत सिंह प्रधान, विवेक विभूति, हितेश तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# नौनिहालों का दोस्त बना बच्चा बैंकः विधायक

## जरूरत मंद और बेसहारा बच्चों की शिक्षा के अतुलनीय योगदान

### खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बोले विधायक राजकुमार पाल



विधायक सदर राजकुमार पाल को स्मृति चिन्ह देते आयोजकगण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विधायक राजकुमार पाल ने कहा है कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी नौनिहालों का दोस्त बन गया है। जरूरतमंद और बेसहारा बच्चों की शिक्षा में जिस तरह से मददगार बना हुआ है। वह काबिले तारीफ है। समाज के लोग भी ऐसे बच्चों की मदद को आगे आयें।

विधायक राजकुमार पाल सोमवार को हैप्पी टाइम्स प्ले वे स्कूल सियाराम कालोनी में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की तरफ से बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि उनसे जो भी मदद होगी ग्रुप और उनके बच्चों के लिये करेंगे। कार्यक्रम में हाल ही में जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अव्वल आये खिलाड़ियों अंश, सत्यम, युवराज, शुभम, प्रिया, सत्यम सेकेंड, रेहान, लक्ष्मी, नीरज पटेल और इनके शिक्षक शनि सरोज को विधायक ने मेडल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के फिजिशियन डॉक्टर मनोज खत्री ने कहा कि बच्चे पढ़े और आगे बढ़े यही बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप का सपना है। जो भी मदद होगी की जाएगी। सहयोगी अश्वनी केसरवानी ने कहा कि ग्रुप निरंतर बच्चों की बेहतरी के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि बीबीएफजी लोगों के चंदे से गरीब बच्चों को कोचिंग की व्यवस्था दे रहा है। समाज के लोगों को मदद के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अनीश ने किया। इस मौके पर ग्रुप की तरफ से विधायक को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। डॉक्टर अनुराग मिश्रा, रतन जैन,गेम टीचर शैलेश सिंह, गार्ड डीके शर्मा,भरत यादव, प्रदीप यादव ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।




# शहीदो का सपना चूर कर रहे है जातिवाद व धर्म के ठेकेदार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहीद अशफाक उल्ला खां मेमोरियल सोसाइटी के तत्वाधान में काकोरी के शहीदो पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन अवध गर्ल्स हायर सेकेन्डरी स्कूल के प्रांगण में शहीदो का स्वप्न और आज का भारत मिशन विषय पर किया गया। संगोष्ठी में अपना विचार रखते हुए विक्रम सिंह ने कहा कि काकोरी के शहीदो ने जातिवादिता को तोड़ते हुए सम्पूर्ण समाज के संघर्ष के द्वारा देश की स्वतंत्रता अहम किरदार अदा किया। अब्दुल माबूद ने कहा कि काकोरी के शहीदो ने देश को आजाद कराकर एक स्वर्णिम युग का स्वप्ना देखा था परन्तु आज की राजनीति ने देश के धर्म जाति को विभाजित करने का काम किया है।

आयोजक वजीह उद्दीन मासूम एडो. ने कहा कि आज की स्थिति को देखने से दर्द होता है। काकोरी के शहीदो ने स्वतंत्र भारत के एकता और अखण्डता का जो स्वप्न देखा था वह आज धर्म जाति, क्षेत्र वाद में समाप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शहीदो के चित्र पर माल्यर्पण किया। संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।

# पशु चिकित्सालय में डॉक्टर की मनमानी से पशुपालक परेशान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के न्याय पंचायत सलाहपुर के ठनेपुर में कहने को तो करोड़ों की लागत से पशु चिकित्सालय का निर्माण करा दिया गया है लेकिन डॉक्टर के नदारद रहने से वहां पर पशुपालकों में नाराजगी देखी जा रही है । पशुपालकों का आरोप है कि डॉक्टर कभी भी अस्पताल में नहीं आते हैं सिर्फ दो प्राइवेट सहायकों अस्पताल में कुछ घंटे बिताने का औपचारिक तक पूरी की जाती है । इसके संबंध में शिकायत करने के बाद भी अभी तक अस्पताल के हाल में कोई बदलाव नहीं आया है ।

पट्टी तहसील क्षेत्र के ठनेपुर में जब पशु चिकित्सालय का निर्माण किया गया तो लोगों को उम्मीद थी कि पशुपालकों को अब सरकारी डॉक्टरों से इलाज कराने की सुविधा प्राप्त होगी लेकिन मनमानी और लापरवाही के कारण महीने में एक या दो दिन चिकित्सालय के प्रभारी अशोक वर्मा पहुंचते हैं अन्य दिनों में सहायक निलेश तथा मानिक चन्द अपनी जिम्मेदारी संभालते हैं निलेश का कहना है कि सरकारी दवा से इलाज कर आओगे तो जानवर ठीक नहीं होंगे जबकि हकीकत कुछ और ही है विभाग की मिलीभगत से अस्पताल में आने वाली दवाइयां पशुओं के लिए हरे चारे का बीज सीमन जानवरों के लिए आया कैल्शियम आदि ब्लैक में बेच लेते हैं जिससे पशुपालकों को कुछ भी नहीं मिल पाता चिकित्सक के नाम पर अस्पताल में पहुंचकर सिर्फ खानापूरी करते हैं ।

पशुओं का इलाज ना होने से लोग इलाज के लिए यहां आने पर घंटों परेशान होने के बाद निराश होकर घर लौट जाते हैं इसके संबंध में ग्रामीणों ने कई बार जनसुनवाई पोर्टल के साथ-साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

## कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका मे शोक

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के रोड गैंग कर्मचारी 55 वर्षीय लल्लू सरोज के आकस्मिक निधन पर नगरपालिका के कर्मचारियो तथा अधिकारियो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बता दे कि लल्लू सरोज इन दिनो रात की चैकीदारी करता था। कुछ दिनो पूर्व वह बीमार हुआ फिर वह ठीक नहीं हो सका और अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से हजारों के टेन्ट का सामान जलकर राख

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हण्डौर डीह गांव मे रविवार की रात अज्ञात कारणों से टैज्क्टर पर लदे टेन्ट के सामानों मे आग लग गयी। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाया लेकिन तब तक पीड़ित टेन्ट के कारोबारी के हजारों का सामान जलकर राख हो गया। लालगंज कोतवाली के हण्डौर गांव के पुरवा डीह निवासी जाहिद के अनुसार बीती रविवार की रात उसने दरवाजे पर टैज्क्टर ट्राली पर अपनी दुकान के टेन्ट का सामान लोड कर रखा था। रात करीब ग्यारह बजे अचानक अज्ञात कारणों से ट्राली पर लोड सामानों मे आग लग गयी। आग लगने की जानकारी होते ही परिवार के लोग व ग्रामीण भागकर वहां पहुंचे और आग बुझाने मे जुटे गये।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री पं. रामनरेश शुक्ल




पं. रामनरेश शुक्ल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के महासचिव रहे, उ0प्र0 सरकार में अनेक बार मंत्री रहे, जिला कांग्रेस कमेटी में अनेक पदों पर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 राम नरेश शुक्ल जी की पुण्यतिथि सद्भावना दिवस के रूप में जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई। संचालन शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इरफान अली ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर आयोजित समारोह में कांग्रेस नेताओं के साथ ही अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने अपने विचार व्यक्त कर हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सी0डब्लू0सी0सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मा0प्रमोद तिवारी व नेता विधान मंडल दल रामपुर खास की विधायक मा0 आराधना मिश्रा मोना ने अपने मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के मार्फत श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा, रोहित शुक्ल, डा0वी0के0सिंह, वेदान्त तिवारी, डॉ0 नीरज तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र, मदन मोहन शुक्ल, कपिल द्विवेदी, प्रशांत देव शुक्ल, सरोज कश्यप, आशुतोष तिवारी, अजीत सिंह, चंद्रनाथ शुक्ल, करुणा शंकर मिश्र, प्रेम शंकर द्विवेदी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, श्याम शंकर तिवारी, संजय पांडेय, आनंद मोहन ओझा, शकतेंद्र द्विवेदी, शिवानी मातनहेलिया, संतोष तिवारी, सुधीर तिवारी, राहुल तिवारी, राजेन्द्र शुक्ल, अशोक सिंह, अब्दुल रहमान, यमुना प्रसाद पड़े, फतेह बहादुर सिंह, मो0इश्तियाक, रामधन यादव, मो0बिलाल, मो0 दिलशाद, आकाश मिश्र, अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### बहुजन मुक्ति पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**कौशांबी।** बहुजन मुक्ति पार्टी जिला यूनिट कौशांबी के जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र के नेतृत्व में दर्जनों लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बहुजन मुक्ति पार्टी के नेताओं ने कहा कि अमरनाथ झा पत्रकार पर 9 दिसंबर को कोखराज थाना में चायल विधायक संजय गुप्ता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है जो पूरी तरह से गलत है पत्रकार ने जो खबर चलाई है वह सत्य है और पत्रकार पर दबाव बनाने के लिए सच्ची खबर को दबाया जा रहा है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बहुजन मुक्ति पार्टी इसकी निंदा करती है और सूबे के मुख्यमंत्री से सच्ची खबर चलाने वालों को प्रताड़ित करने से रोकने अमरनाथ झा पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करने से पहले उसकी जांच कराए जाने सहित विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा है इस मौके पर कौशलेंद्र सिंह पटेल जुगराज सिंह यादव श्री नाथ मौर्या सुरेश चंद्र चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद थे

# डंपर से टकराया विक्रम 3 की मौत, सात घायल

## महेवा घाट थाना क्षेत्र में विक्रम चालक के गलत ओवरटेक करने से चली गयी तीन लोगों की बेवजह जान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के सरसवा भरसवा के बीच ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित विक्रम चालक सामने से आ रहे डंपर से टकरा गया है इस हादसे में तीन सवारियों की मौत हो गई है और 7 सवारियां जीवन और मौत से जूझ रही हैं हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोगों का मजमा मौके पर लग गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है कई थाने की फोर्स घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में लगी है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम में बताया जाता है कि महेवा घाट से 12 सवारी लेकर विक्रम मंझनपुर जा रही थी जैसे ही विक्रम चालक सरसवा से कुछ आगे बढ़ा कि सामने जा रहे ट्रक को विक्रम चालक ओवरटेक करने लगा ट्रक को



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

ओवरटेक करने के चक्कर में विक्रम चालक सामने से आ रहे डंफर वाहन से टकरा गया इस हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई इस दर्दनाक हादसे में बच्ची लाल उम्र 50 वर्ष पुत्र भैरव प्रसाद निवासी लौंगावा राजकुमार उम्र 6 वर्ष पुत्र मंगल प्रसाद निवासी परसिद्धपुर धाता फतेहपुर की घटनास्थल पर मौत हो गई है इस हादसे में मृतक बच्ची लाल की बेटी माया देवी हीरामणि पत्नी महेंद्र और हीरामणि का बेटा शुभम वा शिवा फूलमती पत्नी मंगल और फूलमती की बेटी लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां चीख-पुकार मची है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर घायलों के रिश्तेदार परिजन पहुंच गए हैं बचाव एवं राहत कार्य में पुलिस लगी है बताया जाता है कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हीरामनी उम्र 35 वर्ष पत्नी महेश प्रसाद की भी इलाज में मौत हो गई है।

## न्यूज झरोखा

### खालिक अहमद बने सपा जिला उपाध्यक्ष



**करारी कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के निर्देशन पर कौशांबी जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने जिला उपाध्यक्ष के पद पर खलीक अहमद उर्फ निक्के की नियुक्ति की है उन्होंने आशा जताई है कि पार्टी हित में वह काम करेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे जैसे ही खालिक अहमद उर्फ निक्के को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी पार्टी नेताओं और उनके समर्थकों को हुई जोरदार तरीके से माल्यार्पण कर खालिक अहमद उर्फ निक्के का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है इस मौके पर सपा नेताओं ने कहा कि खालिक अहमद को समाजवादी पार्टी में उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद समाजवादी संगठन को मजबूती मिलेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में इसका सीधा लाभ पार्टी प्रत्याशी को मिलेगा नेताओं ने कहा कि खालिक अहमद के मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र की जनता के बीच उनके गहरे संबंध हैं लोगों ने कहा कि खालिक अहमद के बेहतर स्वभाव और अच्छे ब्यवहार के चलते इलाके के लोग उनकी बातों पर भरोसा करते हैं जिसका सीधा लाभ विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिलेगा स्वागत करने वालों में परवेज अख्तर अंसारी पूर्व विधायक कुंडा दयाशंकर यादव जिला विधानसभा अध्यक्ष मान सिंह पटेल प्रदीप चौधरी इस्तेखार अहमद सैफी मसूद अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### चायल की जनता करेगी विधानसभा में बड़ा परिवर्तन : सुशील जय हिंद



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी से चायल विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट सुशील जय हिंद ने चायल विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांव में भ्रमण कर आम जनमानस से मुलाकात की और भाजपा सरकार में विकास की स्थिति देखी इस मौके पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सुशील जयहिन्द को बताया कि भाजपा सरकार में विकास नहीं हो सका है रोजगार के अवसर समाप्त हो गए हैं चारों तरफ बेरोजगारी से आम जनमानस त्रस्त है इस मौके पर आम जनमानस ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती महंगाई अपराध अत्याचार से आम जनता त्रस्त है इस मौके पर सुशील जयहिंद ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में चायल विधानसभा क्षेत्र की जनता परिवर्तन चाहती है और परिवर्तन के बाद इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा उन्होंने कहा कि मैं गरीब का बेटा हूं और गरीब के बेटे के साथ कौशांबी की जनता इस बार चलने के लिए तैयार है इस बार हम सब के साथ मिलकर बिकास के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन चायल की जनता करने जा रही है विकास से चायल अछूता रहा है लेकिन अब चायल क्षेत्र विकास से अछूता नही रहेगा चायल क्षेत्र के लोगो का दुख दर्द बहुत बड़ा है उन्होंने कहा कि चायल क्षेत्र में परिवर्तन के बाद लोगों की समस्याओं का समाधान होगा इस मौके पर उनके साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# केंद्र-प्रदेश सरकार की छीछा लेदर करने वाले चिरकुट नेता की रैली में नहीं शामिल हो सके एक सैकड़ा लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** राजनीतिक स्तर इस कदर से गिर जाएगी इसका अंदाजा लगाया जाना भी कठिन है जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करने की सोच रखते हैं इसी तरह का एक मौका परस्त चिरकुट नेता इन दिनों चायल विधानसभा में ललकार रहा है कभी कांग्रेस पार्टी में चिरकुट नेता समझे जाने वाले इस नेता ने सूबे में योगी की सरकार बनने के बाद अपने काले साम्राज्य को बचाने के लिए कुछ वर्षो पहले भाजपा का दामन थाम लिया था भाजपा का दामन थामने के बाद इस चिरकुट नेता का काले कारोबार का साम्राज्य तो बच गया लेकिन झींगुर बैठ बाजाजा मां कहय सब मोरय आय की तर्ज पर यह चिरकुट नेता इन दिनों भाजपा से चायल

**भाजपा प्रत्याशी को हराने के मंसूबे से चुनाव मैदान में उतरा काला साम्राज्य स्थापित करने वाला बालू माफिया अपने काले साम्राज्य को बचाने के लिए कुछ वर्षो पहले चिरकुट नेता ने थाम लिया था भाजपा का दामन**



विधानसभा में विधायकी का प्रबल दावेदार बन गया है इसे भाजपा के एक शीर्ष नेता का संरक्षण प्राप्त है काले साम्राज्य की काली कमाई से शीर्ष नेता तक हिस्सा पहुंच रहा है हिस्से में खलल ना पड़े इसी मकसद से शीर्ष नेता ने इस माफिया को संरक्षण देते हुए टिकट दिलाए जाने का झूठा आश्वासन दे दिया है लेकिन शीर्ष नेता की कुटिल चाल को यह माफिया नहीं समझ सका और उसने चायल क्षेत्र में विधायक बनने का ख्वाब लेकर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। सोमवार को इस नेता ने तिरंगा यात्रा के तहत रैली निकाली थी लेकिन पहली रैली में ही इस चिरकुट नेता ने भाजपा की किरकिरी कर दी दो दर्जन वाहनों में पेट्रोल खर्च देने के बाद भी रैली नहीं सफल हो सकी केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी इस चिरकुट नेता की रैली में एक सैकड़ा लोग भी नहीं शामिल हो सके उसमें भी बताया जाता है कि एक सैकड़ा लोगों को जोड़ने के लिए इस चिरकुट नेता को भीड़ बढ़ाने के लिए सपा कांग्रेस के लोगों से भी मिन्नत करनी पड़ी है बड़ी मशक्कत के बाद काले साम्राज्य के मालिक इस माफिया की रैली में सौ लोग एकत्रित हो सके हैं अब जिसकी रैली में सौ लोग एकत्रित होंगे वह विधानसभा में भाजपा का परचम फहराने में कैसे सफल होगा यदि भारतीय जनता पार्टी ने इस चिरकुट नेता के सहारे चायल विधानसभा की सीट जीतने का ख्वाब देखती है तो यह भाजपा के शीर्ष नेताओं की बड़ी भूल होगी और भाजपा चायल विधानसभा की इस सीट को गवा देगी इसलिए चिरकुट नेता के कारनामे को गंभीरता से लेते हुए जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले जनप्रिय नेता को विधानसभा चुनाव मैदान में उतारना होगा।

### सीने में बंदूक रखकर गोली मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** अपने खेत में बोई हुई हरी मटर से छुट्टा मवेशियों को भगा कर अपने घर साइकिल से वापस जा रहे एक व्यक्ति को विरोधियों ने उसके सीने में बंदूक रखकर गोली मारने की धमकी दी है घटना के बाद से ब्यक्ति भयग्रस्त है और मामले की सूचना चरवा पुलिस को दी है घटना चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव के अभिमान सिंह पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह यादव वर्तमान में एयरफोर्स के कर्मचारी हैं 18 दिसम्बर को 7:00 बजे शाम अभिमान सिंह अपने खेत में बोई हुई हरी मटर से छुट्टा मवेशी को भगा कर साईकिल से अपने घर वापस जा रहे थे रास्ते मे दंबग बेनी सिंह ने अभिमान सिंह को टार्च की रोशनी में देखा अभिमान ने साइकिल रोक दिया तभी दबंग बेनी सिंह ने अभिमान सिंह के सीने पर बंदूक रखकर धमकी देते हुए गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम हमारे दुश्मनों से क्यो बोलते हो अगर दुबारा दुश्मनों से बोलते देखा तो तुम्हे जान से मार दूँगा पीड़ित ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया है।

# व्यापारियों ने संजय गुप्ता विधायक को चायल से फिर विधायक बनाने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**व्यापारियों ने कहा कि संजय गुप्ता के विधायक बनने के बाद माफिया गुंडा नहीं करते प्रताड़ित**

**कौशाम्बी।** भरवारी के सेठ मोहनलाल गेस्ट हाउस में व्यापारियों के साथ चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने जन संवाद किया जनसंवाद के दौरान विधायक ने व्यापारियों की बात सुनी और व्यापारियों ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में संजय गुप्ता आप के विधायक बनने के बाद हमें किसी प्रकार से कोई माफिया गुंडई के बल पर प्रताड़ित नहीं करता हम लोग आज अपना व्यापार करने में पूरी तरह खुलकर व्यापार करते हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसी भी तरह का भय नहीं रहता पूर्ववर्ती सपा बसपा की सरकारों में हम व्यापारियों को गुंडा टैक्स भी देना पड़ता था और भरवारी के छुटभैया नेता हमको सदैव प्रताड़ित करते थे व्यापारियों ने कहा कि संजय गुप्ता आप के विधायक बनने के बाद हमें उन सभी मठाधीशो से मुक्ति मिली है भरवारी का नाम आज देश प्रदेश में विकसित है संजय गुप्ता के कार्यों पर आभार जताते हुए व्यापारियों ने कहा कि आपने भरवारी नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने का जो दर्जा दिया दिलाया है हम सदैव आभारी रहेंगे व्यापारियों ने कहा कि नगर पालिका परिषद बनाए जाने के बाद क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है सभी व्यापारियों ने विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता को पुनः विधायक बनाने का एक साथ संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री व्यापार मंडल पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद काले मुन्ना अग्रहरी शिवम केसरी जीतू केसरवानी हर्ष केसरवानी सत्यम कौशल नगर अध्यक्ष मूरतगंज राज केसरवानी उपांशु केसरवानी कविता केसरवानी प्रतिभा कुशवाहा ज्योति केसरवानी प्रीति कौशल सहित सैकड़ों व्यापारी गण उपस्थित रहे।

### जनता के सवाल का जवाब देने के बजाय डिप्टी सीएम पुत्र ने विधायक पर लगाया पक्षपात का आरोप

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के चमरूपुर गांव में डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्य द्वारा जन चौपाल लगाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिकारियों से त्रस्त आम जनता ने डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या से सवाल उठाना शुरू कर दिया समस्याओं से ग्रसित जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या ने पक्षपात का सीधा आरोप चायल विधायक पर लगाकर व्यवस्था की खामियों को दबाने का भरसक प्रयास किया है लेकिन डिप्टी सीएम के पुत्र के इस जवाब से क्षेत्र की जनता संतुष्ट नहीं रही काफी देर तक जनता और डिप्टी सीएम के पुत्र के बीच वाद विवाद चलता रहा नगरपालिका परिषद भरवारी के अधिकारियों के कारनामे से भारतीय जनता पार्टी की सरकार की छीछालेदर हो रही है और नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिकारियों की जल्द नकेल नहीं कसी गई तो आने वाले विधानसभा चुनाव में चायल और सिराथू विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा से बगावत कर सकती है।

### सपा प्रसपा गठबंधन पर नेताओं ने जताया आभार

**कौशांबी।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की एक बैठक जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पार्टी जिला अध्यक्ष बुधराम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सपा के पूर्व अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रसपा और सपा का गठबंधन सूबे में नया गुल खिलाएगा और पूर्ण विश्वास है कि प्रसपा सपा के गठबंधन से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और भाजपा का पूरी तरह से उत्तर प्रदेश से सफाया होगा इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि चायल विधानसभा से शशिभूषण द्विवेदी उर्फ बालम महराज को और सिराथू विधानसभा से खड़क सिंह पटेल को सपा प्रसपा संयुक्त प्रत्याशी घोषित किया जाए इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों का पदार्फाश किया जाएगा और भाजपा सरकार पूर्ण रूप से फेल है इनकी कोई नीति नहीं है इनका सारा वायदा खोखला रहा है हिंदू मुसलमान को बांटने का काम भाजपा सरकार ने किया है जनहित के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया महंगाई भ्रष्टाचार भाजपा सरकार में चरम पर है इस मौके पर शशि भूषण द्विवेदी उर्फ बालम महाराज मुकेश यादव निलेश कुमार श्रीधर पांडे विनय त्रिपाठी मुकेश यादव अंगद यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# रविदास माइक्रो फाइनेंस फाउंडेशन ने ठंड में गरीबों को बांटे कंबल

## संस्था के चेयरमैन बीके रविदास ने चायल विधानसभा से निर्दल प्रत्याशी के रूप में ठोकी दावेदारी जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर मोड कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के मखाऊपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में रविदास माइक्रो फाइनेंस फाउंडेशन के चेयरमैन चायल विधानसभा से निर्दीय प्रत्यासी बीके रविदास ने गरीब कमजोर मजलूम लोगों को रविवार को कंबल का वितरण किया है इस मौके पर दस हजार से भी ज्यादा गरीब कमजोर मजलूम बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष कंबल लेने के लिए पहुंचे थे जैसे ही निर्दल प्रत्याशी द्वारा कंबल वितरण की जानकारी इलाके के गरीब कमजोर मजदूर मजलूम लोगों को लगी मौके पर जरूरतमंद लोगों की भारी भीड़ लग गई कंबल वितरण के दौरान बी के रविदास ने कहा कि गरीबों की सेवा करना पुनीत का कार्य है उन्होंने कहा कि वह हमेशा गरीबों के दुख दर्द में खड़े मिलेंगे कार्यक्रम के शुरूआत में निर्दल प्रत्याशी बी के रविदास को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यदि चायल विधानसभा की जनता ने निर्दल प्रत्याशी बी के रविदास को विधायक बनने का मौका दिया तो क्षेत्र का संपूर्ण विकास उनके द्वारा किया जाएगा उन्होंने भरोसा दिलाया है कि जनता के साथ किए गए वायदे हमेशा पूरे किए जाएंगे क्षेत्र की जनता के साथ सौतेला व्यवहार नहीं होगा इस मौके पर



कंबल वितरण के दौरान मौजूद भीड़

इलाके के जितेश कुमार ,डॉ लव कुश ( पप्पू )रविदास ,शिव भवन, अजय कुमार ,शिव वरन निषाद ,मुकेश कुमार. धर्मपाल रविदास ,ज्ञानचंद ,शिव वरन ,विकास सिंह निषाद ,आदि व तमाम ग्राम प्रधान गणमान्य व्यक्ति नेता और समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क गैस कनेक्शन योजना एजेंसी संचालक की बना कमाई का जरिया

अखंड भारत संदेश

**उज्जवला योजना में फ्री कनेक्शन देने के बजाय लाखों रुपया महीना गरीबों से वसूल रहा एजेंसी संचालक धृतराष्ट्र बने अधिकारी**




**कौशाम्बी।** निशुल्क गैस कनेक्शन देने की प्रधानमंत्री की योजना में चपत लगाकर एजेंसी संचालक लाखों रुपए महीना की अवैध वसूली में जुटा है गरीबों को गैस कनेक्शन देने के नाम पर एजेंसी संचालक मालामाल हो रहा है लेकिन योजना से जुड़े अधिकारी गैस एजेंसी संचालक की अवैध वसूली में रोक लगाने के बजाय धृतराष्ट्र बने हुए हैं जिससे इन अधिकारियों की भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्री गैस कनेक्शन योजना की धज्जियां उड़ाने में शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को फ्री गैस कनेक्शन देने की बात कर रहे हैं उनके सांसद विधायक मन्त्री भी सरकार की योजना का प्रचार प्रसार कर योजना के संचालन की सफलता का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री की गैस योजना में गैस एजेंसी संचालक चपत लगाकर गरीब कनेक्शन धारकों से अवैध वसूली कर उनका शोषण कर रहे हैं प्रधानमंत्री के निशुल्क गैस कनेक्शन योजना में खुलेआम गैस एजेंसी संचालक द्वारा कनेक्शन धारकों से अवैध वसूली किए जाने के बाद अधिकारियों ने अभी तक एजेंसी संचालको के कारनामे को संज्ञान लेकर उस पर मुकदमा दर्ज कराया जाना उपभोक्ताओं की रकम वापस कराया जाना और गैस एजेंसी को निरस्त किए जाने की संस्तुति नहीं की है जिससे अधिकारियों की भी घोर लापरवाही उजागर हो रही है। चायल तहसील क्षेत्र के संतोष आर्मी इंडियन गैस एजेंसी ब्रांच लोधौर मे उज्जवला योजना के तहत गरीब कनेक्शन धारकों से एजेंसी संचालक और उनके कर्मचारी मनमानी वसूली करके नया कनेक्शन दे रहे हैं जिससे उज्जवला कनेक्शन धारकों में आक्रोश व्याप्त है उज्जवला योजना कनेक्शन धारकों ने एजेंसी संचालक पर प्रति कनेक्शन चार सौ रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया है जो कि आकड़े पर जायें तो अक्टूबर 2021 से नवम्बर 2021 तक यनि दो माह में लगभग साठ कनेक्शन किया गया जो बीस से चौबीस हजार तक अवैध वसूली किया गया उज्वला योजना के तहत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें चार सौ रुपए अतिरिक्त रकम नहीं दी जाती है तो वह बार-बार एजेंसी का चक्कर लगवाते हैं और परेशान करते हैं। इतना ही नहीं लोगों का यह भी आरोप है कि बुकिंग द्वारा घर पर सिलेंडर पहुंचाने पर 40 से 50 रुपये अतिरिक्त वसूला जाता है आकड़ा देखा जाये तो दर रोज लगभग चालीस सिलेंडर की डिलेवरी होती है जिसकी अवैध वसूली महीने की साठ हजार रुपये की जाती है और तो और यहाँ पर गैस एजेन्सी गोदाम पर दीवार पर साफ साफ लिखा है कि कैश एन्ड कैरी रिबेट यनि कि गोदाम से सिलेंडर लेने पर 27 रुपये ऑफ कर के यनि कम कर के दिया जायेगा लेकिन ऐसा नहीं है उसमें भी गरीब जनता ठगी का सिकार हो रही है और आकड़े की तरफ जायें तो दर रोज का लगभग 50 सिलेंडर गोदाम से दिया जाता है जो रजिस्टर बयां कर रहा है जिसकी लगभग महीने की चालीस हजार रुपये की अवैध वसूली की जाती है जो गैस एजेन्सी संचालक की लगभग महीने में एक लाख से सवा लाख की अवैध रुप से काली कमाई की वसूली की जाती है जब कि लोगों ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की है लेकिन गैस एजेंसी संचालक के कारनामे पर रोक नहीं लग सकी है।

## अमीर बानो हॉस्पिटल में नसबंदी कैंप का आयोजन

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती स्थित अमीर बानो मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में चिकित्सक एमबी सिंह सर्जन द्वारा 12 महिलाओं की नसबंदी सफलतापूर्वक की गई है। इस मौके पर चिकित्सक एमबी सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं की जानकारी कैंप में उपस्थित लोगों को देते हुए कहा कि सफल जीवन के लिए नसबंदी आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न मरीजों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न जानकारियां दी हैं। नसबंदी के दौरान तमाम चिकित्सा फार्मासिस्ट नर्स क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पंकज जी महाराज का 23 को होगा कौशाम्बी में आगमन

**कौशाम्बी।** जिले के चायल तहसील अंतर्गत कृष्णा डोली चौराहा के पास बड़ी बाग में परम पूज्य पंकज जी महाराज का आगमन दिनांक 23 दिसम्बर दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे होगा। जयगुरुदेव आश्रम मथुरा से चल कर कौशाम्बी जिले के पावन धरती में उनके उत्तराधिकारी पंकज बाबा आगमन कर रहे हैं। समस्त ग्राम वासियों को बाबा जय गुरु देव के उत्तराधिकारी पंकज बाबा के आगमन पर सम्मलित होने की अपील की गई है पंकज बाबा के आगमन पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है भण्डारे का कार्यक्रम 11 दिसम्बर से लगातार चल रहा है कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह कर रहे हैं आयोजक ने कहा है कि समस्त भक्तगण सदर आंमत्रित हैं।

## दस लीटर दारू के साथ आरोपी गया जेल

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा के कुशल निर्देशन मे अवैध कच्ची शराब बनाने वालो के विरूद्ध जनपद मे अभियान चलाकर सघन कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में कौशाम्?बी थाना प्रभारी निरीक्षक के मार्ग दर्शन मे आरक्षी गोविन्द शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर राजू निषाद पुत्र सुन्दर निषाद के कब्जे से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की और अभियुक्त के विरुद्ध समुचित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

## सम्पादकीय

# ऐसे नहीं होता विकास

सीएजी रिपोर्ट ने खोली नोएडा में हुए लैंड अलॉटमेंट्स में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की पोल। सीएजी रिपोर्ट साफ-साफ बताती है कि सीमित वित्तीय क्षमता वाले बिल्डरों को बड़े-बड़े प्लॉट मिलना ही वह मुख्य कारण रहा, जिससे बहुत सारे हाउसिंग प्रॉजेक्ट्स बरसों तक लटके रह गए। अधिकारियों की लापरवाही, उनका भ्रष्टाचार और बिल्डरों से मिलीभगत कैसे सरकारी राजस्व का नुकसान करा सकती है और एक खास इलाके में पूरे हाउसिंग सेक्टर का भट्ठा बैठा सकती है, यह नोएडा में हुए लैंड अलॉटमेंट्स पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ताजा रिपोर्ट से जाहिर हो गया है। कहने को यह दिल्ली से सटे एक शहर नोएडा की कहानी है, लेकिन इससे निकले सबक देश के तमाम बड़े शहरों, महानगरों पर लागू होते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पहली बार डिवेलपमेंट अथॉरिटीज को भी सीएजी की जांच के दायरे में रखने की इजाजत दी और फिर सीएजी ने 2005-06 से 2017-18 की अवधि में नोएडा में लैंड अलॉटमेंट से जुड़े कार्यों, फैसलों, नतीजों पर बारीकी से नजर डाली तो कदम-कदम पर अनियमितताएं और साजिशें नजर आईं। इस वजह से न केवल सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ बल्कि इस अवधि में कुल प्रस्तावित 1.3 लाख ग्रुप हाउसिंग फ्लैट्स के 44 फीसदी यानी 57000 फ्लैट्स ऑक्युपैंसी सर्टिफिकेट नहीं पा सके हैं। इन फ्लैटों के बायर्स आज भी अपने फैसले पर पछताने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। सीएजी रिपोर्ट के मुताबिक, नोएडा अथॉरिटी ने इस दौरान नियम-कानून में मनमाने ढंग से फेरबदल किए। उदाहरण के लिए, अथॉरिटी ने ग्रुप हाउसिंग के लिए भूमि आवंटन की वित्तीय पात्रता संबंधी शर्तों को काफी आसान बना दिया। पश्चिम देशों में आई मंदी का हवाला देते हुए न केवल अलॉटीज के लिए अपफ्रंट पेमेंट की राशि कम कर दी गई बल्कि कम नेटवर्थ वाली कंपनियों की निविदा भी स्वीकार की जाने लगी। नतीजा यह हुआ कि 500 करोड़ रुपये का प्लॉट 75 करोड़ रुपये नेटवर्थ वाली कंपनी को 50 करोड़ रुपये के अपफ्रंट पेमेंट पर ऑफर होने लगा।

सीएजी रिपोर्ट साफ-साफ बताती है कि सीमित वित्तीय क्षमता वाले बिल्डरों को बड़े-बड़े प्लॉट मिलना ही वह मुख्य कारण रहा, जिससे बहुत सारे हाउसिंग प्रॉजेक्ट्स बरसों तक लटके रह गए। गौर करने की बात है कि नोएडा में एक दशक से ज्यादा की इस अवधि के दौरान कुल 113 प्रॉजेक्ट्स में से 63 फीसदी ही ऐसे हैं, जो पूरे या आंशिक रूप से पूरे हुए। लापरवाही का कैसा आलम रहा यह इस बात से भी समझा जा सकता है कि नोएडा अथॉरिटी पिछले 45 वर्षों में लैंड प्राइसिंग पॉलिसी तक नहीं बना सकी। सालो-साल जमीन की कीमतें मनमाने ढंग से तय की जाती रहीं। इनपुट कॉस्ट तक का ख्याल रखे बगैर। इससे बिल्डरों को तो फायदा हुआ, लेकिन सरकारी राजस्व का नुकसान होता रहा। बहरहाल, चूंकि सीएजी की यह रिपोर्ट यूपी चुनावों से कुछ पहले आई है, इसलिए डर है कि यह चुनावी मुद्दे के रूप में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का निशाना न बन जाए। ऐसा हुआ तो इसकी गंभीरता कम हो सकती है, लेकिन इस महत्वपूर्ण रिपोर्ट से आवश्यक सबक न लेना गवर्नेंस के लिहाज से बहुत बड़ा नुकसान होगा।

# आधार-वोटर कार्ड जोड़ने के पीछे क्या है

**अनिल वर्मा**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो दिन पहले ही चुनाव सुधार वाले विधेयक के ड्राफ्ट को मंजूरी दी है जिसमें आधार को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने की इजाजत दी गई है। बिल के मुताबिक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वालों को साल में चार बार पंजीकरण कराने का मौका मिलेगा। हालांकि ऐसा पहली बार हो रहा है। इसके साथ ही रक्षा कर्मचारियों के मतदान के लिए जेंडर न्यूट्रल चुनावी कानून बनाया जाएगा। अब महिला रक्षा कर्मचारी के पति भी उनके स्थान पर मतदान कर सकेंगे। मौजूदा कानून के मुताबिक, पुरुष रक्षा कर्मचारियों की पत्नियां उनके स्थान पर मतदान कर सकती हैं। चुनाव आयोग ने पहले ही पेंडिंग चल रहे चुनाव सुधारों के लिए सरकार को लिखा था। उन प्रस्तावित 40 सुधारों की सूची में पेड न्यूज को अपराध बनाना और एफिडेविट में गलत जानकारी भरने वालों की सजा बढ़ाकर उसमें दो साल की कैद शामिल करना भी थे। यह बिलकुल स्पष्ट है कि सरकार ने बताए गए सुधारों में से अन्य प्रस्तावों को नजरअंदाज करते हुए आधार को वोटर आईडी से लिंक करने को ही तवज्जो दी है।

कारण स्पष्ट लग रहा है कि साल 2022 की शुरूआत में पांच राज्यों में विधान सभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर भी आधार और वोटर आईडी को लिंक करने के लिए सरकार का विशेष आग्रह हो सकता है। चुनाव आयोग, यूआईडीएआई और सरकार ने आधार को वोटर आईडी कार्ड से लिंक करने के पीछे कुछ तर्क दिए हैं। जैसे कि इससे चुनाव प्रक्रिया आसान होगी और इसमें सुधार लाए जा सकेंगे। भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट आधारित मतदान प्रक्रिया लागू करने में चुनाव आयोग को मदद मिलेगी। प्रवासी मतदाताओं को मतदान करने का अवसर मिलेगा और प्रॉक्सी वोटिंग को आसान बनाने के लिए मतदाताओं का सत्यापन करना भी आसान हो जाएगा। मार्च 2015 में जब एचएस ब्रह्मा मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तब चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण और प्रमाणीकरण कार्यक्रम यानी एनईआरपीएपी नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था। इसका एक उद्देश्य आधार और वोटर आईडी को लिंक करना भी था। लगभग उसी समय एक जनहित याचिका के तहत सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश पारित किया था कि आधार का इस्तेमाल राज्य द्वारा खाद्यान्न और रसोई बनाने के ईंधन के वितरण की सुविधा प्रदान करने के अलावा किसी और उद्देश्य से न किया जाए। इस आदेश के बाद चुनाव आयोग का वोटर आईडी और आधार को जोड़ने का कार्यक्रम ठंडे बस्ते में चला गया। हालांकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आधार और वोटर आईडी कार्ड को जोड़ने से रोके जाने का फैसला आने के बाद लगभग 55 लाख मतदाता चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो गए।

जुलाई 2019 में लगभग 200 प्रबुद्ध नागरिकों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (यूओआई) की दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष पेश उस याचिका को खारिज करने की मांग की थी, जिसमें ई-वोटिंग प्रणाली के तहत फिंगरप्रिंट और फेस बायोमीट्रिक्स इस्तेमाल करने की मांग की गई थी। इसके पीछे पत्र लिखने वालों ने तर्क दिया था कि वोटर आईडी कार्ड से आधार को जोड़ने पर भारतीय संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत मतदान का जो आधिकार दिया गया है, उसका हनन होगा। पत्र में यह भी दलील दी गई थी कि आधार और वोटर आईडी की लिंकिंग में बहुत अधिक मात्रा में खर्च के बावजूद असली मतदाता की पहचान सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। साथ ही, कहा गया था कि मतदाताओं की सूची तैयार करने और मतदाताओं के डेटा एकत्र करने के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना सबसे सटीक तरीका है। यह भी याद रखने की बात है कि आधार और वोटर आईडी कार्ड को जोड़ने से न्यायाधीश केएस पुट्टास्वामी (रिटायर्ड) और एएनआर बनाम यूओआई मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन होगा। यह आधार फैसले के नाम से प्रसिद्ध है। दरअसल, आधार के साथ कई तरह की समस्याएं जुड़ी हुई हैं। उंगलियों के निशान और आंखों की पुतली का मिलान न होने, नकली आधार रखने जैसे मामले तो हैं ही। यह आशंका बनी हुई है कि आधार कार्ड होने के बावजूद ग्रामीण और पिछड़े वर्ग को सरकार की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा जन्म और पहचान के लिए कई बार आधार को स्वीकार नहीं किया जाता है। निजता से जुड़े सवाल भी अपनी जगह कायम हैं। पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल का मसौदा तैयार करने वाली विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्णा (रिटायर्ड) ने अगस्त 2019 में कहा था कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को लिंक करने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से कानून बनाने का सुझाव बहुत ही खतरनाक कदम है। सरकार ने लगभग 60 लाख एनआरआई को मतदान करने की प्राथमिकता दी है जो मतदान करने के पात्र हैं। लेकिन देश के ही प्रवासी मतदाता जिनकी आबादी लगभग 28.5 करोड़ (कुल पंजीकृत मतदाताओं का 38 प्रतिशत) है, उन्हें उनके काम करने की जगह पर वोट देने का अवसर नहीं मिल पाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ह्यकोई मतदाता न छूटेह्न के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तकनीकी का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इसे काफी सावधानीपूर्वक हर तरह से सोच-विचार करके ही अमल में लाया जाना चाहिए। सभी जानते हैं कि पिछले कई वर्षों से ईवीएम या वीवीपैट के इस्तेमाल पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। ऐसे में सरकार के ताजा कदम को क्या बड़ी ही चतुराई से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लांघकर किनारे से निकलने का एक प्रयास समझा जाए? फिलहाल तो इसका जवाब निर्णयकताओं के ही पास है। पर इतना जरूर स्पष्ट है कि अभी इस पहल को लेकर संदेह, सवाल और अविश्वास मिटे नहीं हैं।

# ओटीटी वही आगे, जिसमें लगा है देसी तड़का

**मुकुल श्रीवास्तव**

कोरोना आने के बाद ओटीटी ने मनोरंजन उद्योग को नई दिशा दे दी है। फिक्की और कंसल्टिंग फर्म ईवाई की रिपोर्ट है कि 2019 में 2.8 करोड़ तो 2020 में 5.3 करोड़ से अधिक लोगों ने भारत में ओटीटी सब्सक्रिप्शन लिया है, जो सीधे 49 फीसदी की बढ़ोतरी है। दूसरी तरफ सिनेमा हॉल के 62 फीसदी दर्शक कम हो गए और टीवी के 13 फीसदी। दरअसल ओटीटी प्लेटफॉर्म (स्ट्रीमिंग सेवा) स्थापित करने के लिए टेलिविजन के मुकाबले किसी बड़ी पूंजी की जरूरत नहीं है। नेटफ्लिक्स और अमेजॉन के दबदबे वाली इस दुनिया के भारतीय बाजार में कई देसी प्लेटफॉर्म्स ने भी सफलता का स्वाद चखा है। मसलन, बालाजी टेलिफिल्म्स की सहायक कंपनी आल्ट बालाजी ने सितंबर 2021 तक 18 लाख उपभोक्ताओं को जोड़ा, जो तीन साल पहले के पौने तीन लाख सब्सक्राइबर्स से कई गुना अधिक हैं। जी-5 और सोनी लिव जैसे अन्य प्लेटफॉर्मों को तो प्रवासी विदेशी दर्शकों ने भी सिर-माथे बिठाया है।

यह भारत की विविधता का ही कमाल है कि दुनिया भर में अपने उपभोक्ताओं की संख्या के मामले में बड़ा नाम बन चुके नेटफ्लिक्स और अमेजॉन के सितारे भारत में इतने बुलंद नहीं हैं। स्ट्रीमिंग गाइड जस्ट वाच की एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 की तीसरी तिमाही में डिज्नी प्लस-हॉटस्टार 25 फीसदी की वृद्धि दर के साथ पहले नंबर पर है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर अमेजॉन प्राइम विडियो है, जिसकी वृद्धि दर 19 फीसदी है। नेटफ्लिक्स इन तीनों में सबसे पीछे तीसरे स्थान पर है और उसकी वृद्धि दर 17 फीसदी है, जो पहले के मुकाबले कम हुई है। डिज्नी प्लस-हॉटस्टार लगातार तीसरी बार सबसे ज्यादा वृद्धि के साथ पहले नंबर पर बना हुआ है। इसी साल जनवरी में डिज्नी प्लस- हॉटस्टार की वृद्धि दर 20 फीसदी थी, जो तीसरी तिमाही यानी सितंबर तक बढ़कर 25 फीसदी हो गई। इसका सीधा असर नेटफ्लिक्स पर हुआ, जिसकी वृद्धि दर दूसरी तिमाही के मुकाबले तीसरी तिमाही में दो फीसदी कम हुई है। डिज्नी प्लस- हॉटस्टार और अमेजॉन प्राइम की सफलता की एक बड़ी वजह इन प्लेटफॉर्म पर लगातार भारतीय भाषाओं में ओरिजनल कंटेंट दिखाना भी है, जबकि नेटफ्लिक्स पर मौजूद ज्यादातर कंटेंट अंग्रेजी या बाकी यूरोपीय भाषाओं में हैं। हालांकि नेटफ्लिक्स अपने कंटेंट को भारतीय भाषाओं में डब कर रहा है पर क्षेत्रीयता के मामले में डिज्नी प्लस- हॉटस्टार के कंटेंट में ज्यादा भारतीयता दिखती है। अमेजॉन भी भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम परोस रहा है। वहीं एमएक्स प्लेयर पर 12 भाषाओं में 150,000 घंटे से अधिक का विडियो कंटेंट उपलब्ध है, जो दर्शकों को खूब लुभा रहा है। दूसरी वजह अमेजॉन प्राइम परिवार के सदस्यों के लिए अलग-अलग अकाउंट का उपयोग नहीं करता है- ये सब एक ही छतरी के नीचे होते हैं। मगर इसके जरिए प्रोफाइल बनाकर अलग-अलग डिवाइस पर शो और फिल्में देखी जा सकती हैं। लेकिन अगर एक ही समय में एक खाते पर बहुत से लोग स्ट्रीमिंग कर रहे हैं, तो स्क्रीन पर इसका एक संदेश आएगा। नेटफ्लिक्स प्लान के आधार पर एक से चार डिवाइस पर कहीं भी कार्यक्रम देखने की सुविधा देता है। इस सबमें अपेक्षाकृत रूप से डिज्नी प्लस- हॉटस्टार सेवा सबसे उदार है, जो चार उपकरणों पर स्ट्रीमिंग की अनुमति देती है। इसमें सात अलग-अलग प्रोफाइल बनाने का विकल्प भी होता है। भारत में इसकी लोकप्रियता का यह एक बड़ा कारण भी है। आंकड़ों से इतर इतिहास गवाह है कि इंसानी व्यवहार में परिवर्तन कभी पीछे की ओर नहीं लौटता। कोविड काल ने हमारी दिनचर्या के हर क्षेत्र में असर डाला है और इनमें से बहुत सी चीजें अब हमेशा के लिए हमारे जीवन का अंग बन जाएंगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर समय बिताना ऐसी एक आदत है। हालांकि ओटीटी पर अश्लीलता फैलाने के आरोप भी हैं पर कंटेंट के तौर पर वहां जितनी विविधता है, वह अब टेलीविजन के पास नहीं है, फिर टीवी पर विज्ञापनों की भरमार दर्शकों की तल्लीनता भी तोड़ती है। तथ्य यह भी है कि पारंपरिक रूप से फिल्मों को पहली टक्कर टेलीविजन से मिली, फिर वीसीआर, उसके बाद सीडी/डीवीडी आया, पर हमारे सिनेमा हॉल रूप बदल-बदल कर इन सब चुनौतियों का सामना करते रहे। ओटीटी प्लेटफॉर्म से मिलती इस चुनौती का सामना टीवी और फिल्म उद्योग कैसे करेगा, इसका फैसला अभी होना है।

# राजनीति: राष्ट्र निर्माण का मधुमय अधिष्ठान

**हृदयनारायण दीक्षित**

अस्तित्व विस्मय पैदा करता है। यह बहरूपिया है। अनेक रूप। अनेक नाम। परिचित है अनेक बिना जाने हुए अपरिचित। प्रत्यक्ष अनुभूति में यह ह्यलोकह्न है। नाम रूपों से भरापूरा लोक आलोक में देखा जाता है। इसका अंदरूनी तंत्र भी विराट है। जैसा लोक वैसा तंत्र। इसका हरेक घटक स्वतंत्र जान पड़ता है। लेकिन आंतरिक अनुभूति में प्रत्येक घटक परस्परावलम्बन में है। अस्तित्व नियमबद्ध हैं। वैज्ञानिकों ने भी सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुद्ध आदि ग्रहों को नियमबद्ध पाया है। इस नियमबद्धता के प्रति भी सबके अनुभव भिन्न-भिन्न हैं। ऐसे नियम शाश्वत कहे जा सकते हैं लेकिन प्रकृति ने हरेक प्राणी को कर्म स्वातंत्र्य भी दिया है। इस स्वातंत्र्य के उपभोग की दृष्टि भी भिन्न-भिन्न है। मनुष्य परिस्थितियों का दास नहीं है। प्रकृति और हरेक जीव में अन्तर्विरोध है। प्रकृति ने जीवन का अवसर दिया है लेकिन प्रकृति की शक्तियां जीवन की परवाह नहीं करती। वे अपनी मस्ती और लय में गतिशील हैं। आंधी, भूकम्प, बाढ़ या गर्मी, सर्दी और हिमस्खलन सभी प्राणियों को प्रभावित करते हैं। सभी प्राणी जीना चाहते हैं। जिजीविषा या जीने की इच्छा भी प्रकृति की ही देन है। मुख्य बात है मनुष्य और प्राणी का कर्म स्वातंत्र्य या विचार स्वातंत्र्य। लोकतंत्र में विचार स्वातंत्र्य ही उच्चतर मूल्य है। विचार प्रकट करने में भाषा की भूमिका है और भाषा-वाणी में संयम और मधुमयता की। भारत में विचार अभिव्यक्ति का स्वातंत्र्य है। लेकिन राजनैतिक दलतंत्र में मधुमयता का अभाव है। यहां आरोप-प्रत्यारोप मर्माहित करते हैं। व्यक्तिगत आरोपों से जनतंत्र को क्षति होती है। आरोपों-प्रत्यारोपों की भी मधुमय अभिव्यक्ति कठिन नहीं। अपमानजनक शब्दों से बचा जा सकता है। सम्मानजनक अभिव्यक्ति के माध्यम से असहमति प्रकट करना ही सम्मानजनक तरीका है। लेकिन दलतंत्र में परस्पर सम्मान का अभाव है। आखिरकार आरोपों की कटुता का मूल कारण क्या है? क्या भारतीय भाषाएं सम्मानजनक असहमति प्रकट करने का उपकरण नहीं हैं? क्या वे अपर्याप्त है? आखिरकार अपमानजनक शब्दों का चलन राजनीति की अपरिहार्यता है? क्या अपमानजनक कथन से ही सामाजिक या आर्थिक परिवर्तन के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं? क्या चुनावी जीत के लिए अपमानजनक व्यक्तिगत आरोपों का कोई विकल्प नहीं है? दलतंत्र व्यक्तिगत आरोपों-प्रत्यारोपों को ही क्यों महत्व देता है? हम विश्व के सबसे बड़े जनतंत्र हैं। तो भी वैचारिक असहमति के प्रकटीकरण में मधुमयता का अभाव है। दलतंत्र मधुरसा नहीं है। यह संस्कृति से प्रेरित नहीं हैं। भारतीय परंपरा मधुमय है। समूचा वैदिक साहित्य मधुरस से लबालब है। प्राचीन भारत में मधुमयता के बोध को मधुविद्या कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् में मधु विद्या का उल्लेख है। यहां ह्लसविता-सूर्य को देवताओं का मधु कहा गया है- असौ आदित्यो देवमधु। अन्तरिक्ष मधु का छत्ता है और सूर्य किरणें मधुकरों के पुत्र हैं।

वैदिक पूर्वजों का हृदय मधुमय है। उन्हें सूर्य किरणें भी मधुमय प्रतीत होती हैं। इसी के भाष्य में शंकराचार्य बताते हैं - उस सूर्य रूप मधु की पूर्व दिशागत किरणें पूर्व- मधु नाडियां है ऋचाएं मधुकर हैं। वे मधु उत्पन्न करती है। ऋग्वेद पुष्प है। ऋग्वेद से यश, तेज, बोध और मधुरस आये। सूर्य का रूप तेजस् है, वह रस है। यह रस मधुमय है। पृथ्वी गंधमय है। जल के बिना जीना असंभव। सूर्य ही मधु रस के दाता विधाता हैं। सूर्य की दक्षिण दिशा को आवृत्त करने वाली रश्मियों को यजुर्वेद की श्रुति बताते हैं और मंत्रों को मधुकर। इसी तरह पश्चिमी-रश्मियों को साम बताते हैं और साम कर्मों को पुष्प। फिर इतिहास-पुराण को भी मधुमय बताते- मधुकृत इतिहास पुराणं। फिर कहते हैं ह्लये ही रसों के रस हैं। वेद रस हैं। ये उनके भी रस है। ये अमृतों का अमृत हैं। ह्यअमृतों का अमृतह्न प्यारी अनुभूति है। अमृत कोई द्रव्य या पदार्थ नहीं है कि पिये और अमर हो गये। अमृत सम्पूर्णता के साथ सदा अस्तित्वमान रहने की आंतरिक अनुभूति है। वेद-रस उन्हीं ह्लअमृतों का अमृत हैं। लोक स्वाभाविक ही मधुरसा है। बृहदारण्यकोपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने मधुमयता का मूलतत्व समझाया है, ह्लइयं पृथ्वी सर्वेषां भूतानां मध्वस्यै पृथिव्यै सर्वाणि भूतानि मधु- यह पृथ्वी सभी भूतो (मूल तत्वों) का मधु है और सब भूत इस पृथ्वी के मधु। इसी प्रकार ह्ययह अग्नि समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस अग्नि के मधु हैं। फिर कहते हैं, ह्लयह वायु समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत वायु के मधु हैं। फिर आदित्य और दिशा चन्द्र, विद्युत मेघ और आकाश को भी इसी प्रकार ह्यमधुह्न बताते हैं। फिर कहते है ह्लयह धर्म और सत्य समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस सत्य व धर्म के मधु है। फिर ह्लमनुष्य को भी इसी प्रकार मधु बताते हैं। मधु अनुभूति राष्ट्र को मधुमय बनाने की अभीप्सा है। यह मधुमती और मधुरसा है और हमारे पूर्वजों की परम आकांक्षा है। यह भौतिक जगत का माधुर्य है, दर्शन में परम सत्य है और अंततः सम्पूर्णता है। मनुष्य इसी विराट प्रवाह की मधु इकाई है। मनुष्य को मधुमय आच्छादित होना ही चाहिए। ज्ञान सदा से है। उसका प्रवचन सृष्टि रचना के बाद हुआ। आनंद प्राप्ति की मधुरसा विद्या बहुत पहले से है। शंकराचार्य अपने भाष्य में बताते हैं ह्लयह मधु ज्ञान हिरण्यगर्भ ने विराट प्रजापति को सुनाया था। उसने मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया। भारत में सर्वत्र व्याप्त मधुरस की पहचान और मधुमय मधुविद्या का प्रबोधन लगातार हुआ है। उपनिषद् में कहते हैं अरूण पुत्र उद्दालक को अपने पिता से मिला था। मधुविद्या और मधु अनुभूति आसान नहीं। सुनना या पढ़ना उधार होता है। अनुभूति अपनी है। गीता के श्रीकृष्ण ने यही ज्ञान परंपरा दोहराते हुए अर्जुन से कहा कि काल के प्रभाव में यह ज्ञान नष्ट हो गया। आधुनिक काल में भी यही स्थिति है। संवेदनशीलता गहन आत्मीय भाव है। संवेदनशीलता में पशुओं, पक्षियों के दुख भी हम सबको आहत करते हैं। जितनी गहन संवेदना उतनी ही गहन आत्मीयता। वाल्मीकि तमसा नदी के तट पर थे। क्रौंच पक्षी को तीर लगा। तीर पक्षी को लगा, लेकिन उससे भी ज्यादा घायल हुआ वाल्मीकि का अन्तस्। उनकी गहन संवेदना में काव्य उगा। भारतीय इतिहास का यह संवेदनशील रूपक विश्व के सभी कवियों, साहित्यकारों के लिए अविस्मरणीय क्षण है। लेकिन हम सबकी संवेदनाएं नहीं जगतीं। राजनीति राष्ट्र निर्माण का मधुमय अधिष्ठान है। राजनीति सामाजिक कार्य का ही भाग है। सो उसको भी मधुरसा होना चाहिए। हम सब प्राणी, वनस्पतियां, औषधियां और सभी जीव सूर्य के प्रभाव में है। ऋग्वैदिक ऋषि निवेदन करते हैं ह्लहम सब विषभाग को सूर्य किरणों के पास भेजते है। वे इस विष से प्रभावित नहीं होते। बताते हैं पक्षी भी विष के प्रभाव में नहीं मरते, हम पर भी विष का प्रभाव नहीं पड़ता- अस्य योजनं हरिष्ठा मधु त्वा मधुला चकार। मधुमयता विष को अमृत बनाती है। सूर्य विष निवारण करते हैं। मधुविद्या विष को अमृत बनाती है। यहां बार-बार मधुविद्या का उल्लेख है। मधुविद्या अमरत्व है। विष और अमृत वस्तुतः मृत्यु और अमरत्व के प्रतीक हैं। जैसे विष सत्य है, अस्तित्व में है, वैसे ही अमृत भी सत्य है, अस्तित्व में है। मृत्यु सत्य है अमृतत्व भी सत्य है। मृत्यु और अमरत्व विरोधी नहीं हैं। दोनों साथ हैं। पक्ष सत्य है, विपक्ष भी सत्य है। सहमति का मूल्य है और असहमति का भी। असहमति के प्रकटीकरण में विष नहीं अमृत भाव चाहिए। विष पीकर शिव होने जैसा प्रगाढ़ भाव।

# नेताओं के शर्मनाक बयानों का गिरता स्तर

नेता मतलब रास्ता दिखाने वाले लोग भारत के प्राचीनतम वैदिक इतिहास के ऋषि-मुनियों से लेकर स्वतन्त्रता की लड़ाई के सेनानियों तक न सिर्फ प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं बल्कि अनेक सामाजिक और राजनैतिक आंदोलनों के प्रणेता रहे हैं` आजादी के बाद बोलने की स्वतन्त्रता का दुरुपयोग प्रतिद्वंदी नेताओं से नोकझोंक से बढ़ता हुआ चरित्र हनन तक पहुँच गया और अब इसका शर्मनाक रूप सामने आ रहा है जो बेहद चिंताजनक ही नहीं निंदनीय है` कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक रमेश कुमार ने विधानसभा के भीतर रेप पर ऐसी शर्मनाक टिप्पणी की जिसे लिखा नहीं जा सकता है` सबसे दुखद यह है कि जब पूर्व मंत्री रमेश कुमार यह बोल रहे थे तब स्पीकर विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी भी कार्रवाई के बजाय हंसते नजर आए। पहले मुलायम भी ह्यलड़कों से गलती हो जाती हैह्न कह चुके हैंह्व केरल के मुख्यमंत्री ने बयान दिया था की संदीप उनीकृष्णन शहीद नहीं होता तोह्नउसके दरवाजे पर झाँकने नहीं आता`

ये वही नेता हैं जो हर पाँच साल में भिक्षुक की तरह वोट मांगने जब आते हैं तो उनके रंग-ढंग कुछ और ही होते हैं` लालू जी ने एक बार मौज में आकर कहा था कि सड़कें हेमा मालिनी की गाल की तरह बनाएंगे` एलजेडी नेता शरद यादव भी अपने बयानों से चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने एक बार कहा था, ह्यवोट की इज्जत आपकी बेटी की इज्जत से ज्यादा बड़ी होती है। अगर बेटी की इज्जत गई तो सिर्फ गांव और मोहल्ले की इज्जत जाएगी लेकिन अगर वोट एक बार बिक गया तो देश और सूबे की इज्जत चली जाएगी।ह्य समाजवादी पार्टी के नेता तोता राम यादव ने बयान दिया था, ह्यबलात्कार जैसी कोई चीज नहीं होती है, ये लड़का और लड़की दोनों की आपसी सहमति से होता है।ह्न टीएमसी नेता चिरंजीत चक्रवर्ती भी रेप को लेकर आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। उन्होंने एक बार कहा था, ह्यरेप के लिए कुछ हद तक लड़कियां भी जिम्मेदार हैं। उनकी स्कर्ट दिन पर दिन छोटी होती जा रही है। कर्नाटक के मंत्री और बीजेपी नेता केएस ईश्वरप्पा ने एक बार महिला रिपोर्टर के सामने ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। ईश्वरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा था, अगर कोई आपको खींचकर ले जाए और आपका रेप कर दे तो विपक्ष उसमें क्या कर सकता है? जब 6 साल की बच्ची के साथ रेप किया गया, हमने विधानमंडल में इसकी आलोचना की। हमने हर तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, जो हम कर सकते थे। लेकिन, आप लोगों ने मेरी भाषा पर आपत्ति जताई। ईश्वरप्पा ने इस बयान से पहले भी एक बयान दिया था कि सीएम सिद्धारमैया और गृहमंत्री जे जॉर्ज रेप विक्टिम्स की भावनाएं तभी समझेंगे, जब उनकी बेटियों के साथ दुष्कर्म होगा। ईश्वरप्पा का यह बयान तब आया था जब राज्य में बीजेपी विपक्ष में थी। पिछले दिनों मौका तो राजस्थान में चुनावी सभा का था लेकिन बातों-बातों में जनता दल (यू) के नेता शरद यादव कुछ ऐसा बोल गए, ह्लवसुंधरा को आराम दो, बहुत थक गई हैं। बहुत मोटी हो गई है, पहले पतली थी. हमारे मध्य प्रदेश की बेटी है। शरद यादव के शब्दों में कहें तो ये हंसी ठिटोली थी ! पर वसंधुरा राजे ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि वे इस बयान से अपमानित महसूस कर रही हैं` शरद यादव की कमान से ऐसा तीर पहली बार नहीं निकला है` वजन का घटना-बढ़ना एक स्वभाविक सी बात है लेकिन क्या पुरुष राजनेताओं के मोटे होने पर इस तरह के सार्वजनिक बयान दिए जाते हैं ? बात सिर्फ. वजन की नहीं , अपने पहनावे, अपने रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर महिलाएँ और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और अपमानजनक टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं।

**-सुनील बादल**

# ...जब एक दिन के लिए गायब हो गईं हेमा मालिनी

यह सत्तर के दशक की उस समय की बात है जब हेमा मालिनी सुपर सितारा थीं और उस समय के लगभग सभी सुपर सितारे खासतौर पर धर्मेंद्र, जितेंद्र और संजीव कुमार उनकी खूबसूरती के दीवाने बने हुए थे। हेमा मालिनी से मिलने, उन तक अपने संदेश पहुंचाने, उनके साथ समय बिताने के लिए अलग-अलग तरह की तिकड़में लगाई जाती और इसमें हेमा मालिनी के साथ अधिकतर रहने वाले उनके हेयर ड्रेसर, मेकअप मैन तथा सहयोगी कलाकारों का सहारा लिया जाता था। हां, यह सब हेमा जी की मां जया चक्रवर्ती जो उनके साथ हमेशा होती थीं उनकी नजर बचाकर किया जाता था। मां के साथ ही उनके पिता वी.एस. आर.चक्रवर्ती को भी उत्तर भारतीय नायकों के साथ उनका नाम जोड़ा जाना बिल्कुल पसंद नहीं था। धर्मेंद्र से तो बिल्कुल भी नहीं क्योंकि वह पहले से शादीशुदा थे। सभी फिल्मी पत्र-पत्रिकाएं उनके संबंधों के बारे में अफवाहों से भरी रहतीं। इस बीच धर्मेंद्र कई छोटे-बड़े पत्रकारों को हेमा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने पर पीट भी चुके थे। वे दीवानगी की हद तक हेमा के प्रति अधिकार- भाव रखने लगे थे। संवेदनशील हेमा इस सबसे बेहद तनाव में रहती। इसी दौरान हेमा की होनेवाली भाभी स्मिता ने उन्हें उनके परिवार की गुरु माँ इंदिरा जी से मिलवाया जो पुणे में रहती थीं।

एक दिन जब वे शूटिंग के लिए निकल ही रही थीं कि उनके पास स्टूडियो से शूटिंग रद्द होने का फोन आया। उन्होंने यह बात किसी को भी नही बताई। उस दिन उनका स्टाफ भी उनके साथ नहीं था। अचानक हेमा ने अपने ड्राइवर से पुणे चलने को कहा तो वह घबरा गया क्योंकि उसे उनके परिवार का स्पष्ट निर्देश था कि वह उन्हें अकेले लेकर कहीं भी न जाए। पर जब उन्होंने जोर दिया तो वह मान गया। हेमा अपने इस साहसिक कार्य पर खुद भी अचंभित हो रही थी, पर कुछ ऐसा था, जो उन्हें खींचे जा रहा था। पुणे में हेमा सीधे माँ इंदिरा जी के आश्रम जा पहुँचीं। आश्रम के भक्तजन उन्हें देखकर आश्चर्यचकित थे। हेमा मालिनी ने प्रवचन में भाग लिया और उसके खत्म हो जाने के बाद भी वहीं बैठी रहीं। उन्होंने पूरा दिन इंदिरा माँ के साथ ही बिताया। हेमा उनके सान्निध्य मात्र से ही बेहद शांति का अनुभव कर रही थीं। तब तक हेमा के परिवार को भी उनकी शूटिंग रद्द हो जाने का पता चल चुका था। उन्होंने उन सभी मित्रों और संबंधियों को फोन किया, जहाँ उनके जाने की संभावना हो सकती थी। यहां तक कि धर्मेंद्र को भी फोन किया गया पर उन्हें भी पता नहीं था कि हेमा कहाँ गई थीं। अंततः हेमा की माँ को ही इंदिरा जी के पुणे स्थित आश्रम में संपर्क करने की याद आई। तब उन्हे इंदिरा ने कहा कि वे अपनी बेटी के लिए चिंतित न हों, क्योंकि वह उनके पास पूरी तरह सुरक्षित हैं और सुबह ही बंबई लौटेगी। इंदिरा माँ ने हेमा को शांत और सहज रूप से आध्यात्मिकता के पथ पर चलना सिखा दिया था। वे उन्हें जीवन और कर्म के बारे में समझाया करती थीं। उन्होंने कई भारतीय मिथकीय पात्रों की साहसिक, उनकी निष्ठा और त्याग की कहानियाँ उन्हें सुनाई। वे मीरा के प्रति कुछ ज्यादा ही लगाव रखती थीं। वे हेमा से हमेशा ही कहा करती थीं कि तुम्हें किसी दिन किसी फिल्म में मीरा का किरदार जरूर करना चाहिए। एक बार जब हेमा आश्रम से घर लौटीं तो फिल्मकार प्रेमजी उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रेमजी कई सालों से हेमा को लेकर फिल्म बनाना चाह रहे थे, पर कुछ भी तय नहीं हो पा रहा था। उनके पास एक-दो स्क्रिप्ट तो थीं, पर हेमा को वे पसंद नहीं आ रही थीं। तब हेमा ने प्रेमजी से कहा कि अगर आप मीरा के ऊपर फिल्म बनाने के इच्छुक हों तो मैं उसका हिस्सा बनना पसंद करूंगी। अगले ही दिन प्रेमजी ने गुलजार को लेखक और निर्देशक के रूप में अनुबंधित कर लिया।

**-अजय कुमार शर्मा**

# विराट कोहली और आर अश्विन रचेंगे इतिहास! चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के पास भी नया रिकॉर्ड बनाने का मौका

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम का समय बचा है। साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम इंडिया को अपने सभी मैच बिना दर्शकों के ही खेलने हैं। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएग। टीम इंडिया अबतक दक्षिण अफ्रीका में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और ऐसे में इस बार उसके पास इतिहास रचने का मौका है। न केवल टीम के पास बल्कि खिलाड़ियों के पास भी इतिहास रचने का मौका है। इनमें कप्तान विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, रविचंद्रन अश्विन और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों के पास दक्षिण अफ्रीका में नया कीर्तिमान स्थापित करने का मौका है। आइए इनके रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं..

भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में अपने 8000 ?रन पूरा करने से केवल 199 रन दूर है। कोहली के नाम अभी 97 टेस्ट मैचों में 7801 रन हैं। कोहली अगर टेस्ट सीरीज के तीनों मैचों में खेलते हैं तो उनके नाम 100 टेस्ट भी हो जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका में विराट का बल्ला खूब बोलता है। उन्होंने साउथ अफ्रीका




में 55.80 की औसत से 558 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। विराट अपने 71वें इंटरनेशनल शतक को तलाश रहे हैं, जोकि अफ्रीका की धरती पर उन्हें मिल सकती है। मध्यक्रम बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और पूर्व उपकप्तान अजिंक्य रहाणे भले ही अच्छी फॉर्म में नहीं हैं लेकिन इन दोनों के पास साउथ अफ्रीका में एक खास मुकाम हासिल करने का मौका है। दोनों क्रिकेटरों के पास साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1000 टेस्ट रन पूरा करने का मौका है। पुजारा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अबतक 14 टेस्ट में 758 रन जबकि रहाणे ने 748 रन बनाए हैं। अश्विन के पास भी दक्षिण अफ्रीका में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में अबतक 427 विकेट हासिल कर चुके है। आगामी टेस्ट सीरीज के दौरान वह रिचर्ड हेडली, रंगना हेराथ और कपिल देव जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ सकते हैं।

## दूसरे टेस्ट में मिली हार के बाद जो रूट का फूटा गुस्सा, कहा- रन बनाने के लिए बल्लेबाजों को लालची बनना होगा

**नई दिल्ली।** एडिलेड टेस्ट में मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने पूरी टीम की जमकर क्लास लगाई है। इंग्लैंड को पांच मैचों की एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में एडिलेड के ओवल मैदान पर मेजबान ऑस्ट्रेलिया के हाथों 275 रन से करारी का हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज में 0-2 से पीछे हो गई है। मेहमान टीम को ब्रिसबेन टेस्ट में भी कंगारूओं के हाथों नौ विकेट से शर्मनाक हार का मुंह देखना पड़ा था। इस हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान रूट काफी निराश नजर आए। उन्होंने अपने गेंदबाजों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'गेंदबाजों ने सही लाइन और लेंग्थ पर गेंदबाजी नहीं की। गेंदबाजों को पता होना चाहिए था कि हमें गेंद को कहां फेंकने की जरूरत है। हमने जैसे ही दूसरी पारी में लेंग्थ बदली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को मुश्किल पेश हुई। ये बेहद ही निराशाजनक हार है क्योंकि हम एक जैसी गलतियां बार-बार दोहरा रहे हैं। हमने जो गलतियां चार साल पहले की वो अब भी कर रहे हैं। हम और अच्छी गेंदबाजी कर सकते थे।'

गेंदबाजों के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने भी काफी निराश किया। मेहमान टीम दोनों पारियों में 250 रन भी नहीं बना पाई। कप्तान ने कहा, 'पहले 20 मिनट में हमें थोड़ा संभलकर खेलना होगा। इसके बाद हमें रनों के लिए लालची बनना होगा। बल्लेबाजों को साथ ही गेंद को छोड़ना भी होगा। मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाज ये कर सकते हैं। हमें इसी चीज की ज्यादा जरूरत है। एडिलेड के ओवल मैदान पर खेले गए इस डे-नाइट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को इंग्लैंड की टीम 468 रनों के लक्ष्य के जवाब में 192 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया था। सीरीज का तीसरा टेस्ट अब 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।

## कीवी पेसर काइल जेमिसन ने भारत के खिलाफ 5 टेस्ट में ही झटक डाले 22 विकेट, अब कानपुर टेस्ट को लेकर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमिसन को भारत के खिलाफ खेले गए पांच टेस्ट मैचों में से चार में काफी सफलता मिली है। लेकिन न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज इसका श्रेय टीम के अनुभवी गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी को दिया। ?जेमिसन 10 टेस्ट मैचों में अबतक कुल 52 विकेट चटकाए चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे कम मैचों में 50 विकेट (नौ टेस्ट में) लेने वाले इस गेंदबाज ने समाचार एजेंसी पीटीआई-भाषा से कहा कि व्हाइट बॉल (सीमित ओवरों के मैच) क्रिकेट में कौशल के मामले में उन्हें अभी काफी कुछ सीखना है और लंबा सफर तय करना है। जेमिसन ने कहा, 'मैं अपने खेल में जहां हूं वहां से अब करियर में काफी लंबा सफर तय करना है। अभी मुझे बहुत कुछ सीखना है। क्रिकेट में क्या होने वाला है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता लेकिन मुझे अपने खेल में लगातार सुधार करना होगा। कई बार एक कदम पीछे लेकर अपने कौशल में सुधार करना होता है। हमें आने वाले दिनों में आईसीसी टूनार्मेंटों को जीतना होगा।'

भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कई बार भाग्यशाली रहा हूं और उन पांच (टेस्ट) मैचों में से तीन मुकाबले मैंने अनुकूल परिस्थितियों में खेले हैं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि ट्रेंट, टिम और नील वैगनर जैसे खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं। जब हम घर पर खेलते हैं, तो हमारी टीम में अक्सर चार तेज गेंदबाज होते है और अन्य तीन गेंदबाजों की मेहनत का फल मुझे मिलता है। जेमिसन ने हालांकि कानपुर में ग्रीन पार्क की धीमी और कम उछाल वाली पिच पर छह विकेट लेकर यह साबित किया वह अपने लंबे कद से तेज गेंदबाजों के लिए मुश्किल परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि वह पिच कैसा बर्ताव करेगी और उन परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के लिए बहुत कम समय मिला था, इसलिए हाँ, वहां अच्छा करने में सक्षम होना काफी सुखद था।'

## पाकिस्तानी स्पिनर यासिर शाह पर बंदूक की नोक पर नाबालिग से बलात्कार करने का आरोप, क्रिकेटर और उनके दोस्त के खिलाफ दर्ज हुई एपआईआर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लेग स्पिनर यासिर शाह एक बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। यासिर और उनके दोस्त के खिलाफ नाबालिग लड़की के साथ रेप के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। यासिर और उनके दोस्त के खिलाफ इस्लामाबाद के शालीमार पुलिस स्टेशन में रेप की प्राथमिकी दर्ज हुई है। दोनों पर 14 साल की नाबालिग लड़की से रेप का गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस अब बच्ची का मेडिकल टेस्ट कराने की तैयारी में है। हालांकि इस मामले में अभी तक यासिर या फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से कोई बयान नहीं आया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब उसने पुलिस को इस मामले की जानकारी दी तो यासिर ने उससे कहा कि वह? मुझे एक फ्लैट खरीदकर देगा और साथ ही अगले 18 साल तक मेरा खर्चा उठाएगा। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित लड़की ने जो एफआईआर लिखवाई है, उसमें उसने कहा है कि यासिर और उसके दोस्त फरहान ने कथित तौर पर बंदूक की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया।

# आईपीएल 2022 में नहीं खेलेंगे न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमिसन, सामने आई बड़ी वजह

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमिसन आईपीएल में वापसी को लेकर निश्चित नहीं हैं। विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने जेमिसन को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह आईपीएल के 14वें सीजन में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। हालांकि आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन से पहले ही बैंगलोर ने ?जेमिसन को रिलीज कर दिया। कीवी ऑलराउंडर से जब लीग के आगामी सीजन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में अपनी भागीदारी के बारे में फैसला करेंगे क्योंकि बायो-बबल में रहना आसान नहीं है।




जेमिसन ने एक इवेंट में कहा, 'मुझे लगता है कि यह अच्छा होगा कि लोग मानते हैं कि आपके पास कुछ कौशल हैं और आप टीम में हर संभव तरीके से योगदान करते हैं। क्रिकेटरों के रूप में, हम यही करने की कोशिश कर रहे हैं। क्रिकेट जीतें और अगर लोगों को लगता है कि आप उनकी मदद कर सकते हैं, तो यह मेरे लिए अच्छा है। पिछले दो वर्षों में जो मैंने जो देखा है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी और आप नहीं जानते कि यह दोबारा होगा या नहीं। इसलिए मैं केवल अपनी अगली सीरीज पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। जेमिसन का मानना है कि व्हाइट बॉल क्रिकेट में टॉप पर पहुंचने के लिए बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने आईपीएल के दौरान सभी मैच नहीं खेले थे और आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान भी वह न्यूजीलैंड की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने कहा, 'अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। जो कुछ हो रहा है उसके साथ वास्तव में कुछ भी गारंटी नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि आगे क्रिकेट के साथ, मुझे अपना खेल बढ़ाना होगा।' साल 2019 में जबसे उनकी सर्जरी हुई है तब वो पूरी तरह से फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। हाल में खेले गए आईससी टी-20 वर्ल्ड कप में भी उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा था। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2022 के लिए उन्हें रिटेन नहीं किया है।

# सैफई पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव



**अखंड भारत संदेश**

**सैफई/इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव देर शाम सैफई स्थित आवास पर पहुंचे। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उनके आवास पर मुलाकात करने के लिए पहुंचे हालांकि श्री यादव ने किसी से मुलाकात नहीं कि वह अपने आवास में सीधे चले गए। सपा मुखिया मंगलवार को सुबह 10 बजे मैनपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। मैनपुरी से एटा के लिए विजय रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष तथा बिद्यालय के प्रबन्धक ने लगाई डीजीपी से गुहार

## एससीएएसटी एक्ट में फंसाये जाने की जताई आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** सरकार कानून देशवासियों की भलाई के लिये बनाती है पर कुछ लोग उसका दुरूपयोग करने में लग जाते हैं तथा उससे अपने दुश्मनों को सबक सिखाने के लिये प्रयोग करने लगते है। येसा ही एक खतरनाक कानून है एससीएसटी एक्ट।

कई लोग इस कानून का प्रयोग गलत ढंग से लोगों को सबक सिखाने के लिये कर रहे है। थानाक्षेत्र के गांव हरीपुर निवासी बीरपाल सिंह चौहान पुत्र सुरेन्द्र सिंह जो कि श्री नबाबसिंह महाबिद्यालय हरीपुर रतनपुर के प्रबन्धक तथा भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी हैं ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है कि उनके बिपक्षी रामबीर पुत्र अहिबारन व सोवरन पुत्र होरीलाल कोरी निवासी कैथोली उनसे रंजिश मानते हैं।

आरोप है कि उक्त लोग पिछले एक वर्ष से उनके खिलाफ झूठे प्रार्थनापत्र उच्चाधिकारियों को भेज रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उक्त दोनों ने उनसे झूठे प्रार्थनापत्रों के बदले में उनसे तीन लाख रूपयों के बदले में उनसे तीन लाख की रंगदारी मांगी है। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त 2021 को मारपीट की झूठी घटना दिखा कर एसपी मैनपुरी को प्रार्थनापत्र दिया था जिसमें उनका भाई राजीब पूरी तरह से निर्दोष है। उन्होंने जांच कराये जाने की मांग की है।

# समान पक्षी बिहार में पक्षियों की आवक बढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** समान पक्षी बिहार में मेहमान पक्षियों व स्थानीय पक्षियों की संख्या में इस वर्ष बढोत्तरी हुई है।ये जानकारी विभागीय लोगों द्वारा गणना के बाद सामने आई है।पक्षी बिहार की आई इस गणना रिपोर्ट के बाद पक्षी बिहार में नियुक्त अधिकारियों में खुशी देखी गयी।

## मुम्बई से आई टीम ने की गणना,मांसाहारी पौधे की प्रजाति भी मिली

रेमसार साइड समान पक्षी बिहार में दो दिन पूर्व पक्षियों की गणना के लिए मुंबई से बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी से चार सदस्यीय टीम आयी थी।टीम में वैज्ञानिक डॉक्टर निशा सिंह ने साथ लायी टीम में जेआर रिसर्च फ़्यूबो ओमकार डी जोशी,टीआरएफ आमीथीलॉजी रहीम आर शैख,सुभीक्षा मैक्सिमा के साथ वाच टावर व झील के बीच में जाकर पक्षी बिहार में पक्षियों की गणना की।यह गणना तीन दिनों में पूरी की जा सकी।रिपोर्ट के अनुसार माइग्राटरी (मेहमान पक्षी) बर्ड्स 1824 तथा स्थानीय 9939 चिड़िया पाई गई।गणना के बाद डॉक्टर निशा सिंह ने बताया पिछले वर्ष के अपेक्षा इस वर्ष मेहमान और स्थानीय पक्षियों में बढोत्तरी हुई है।सारस गणना में उनकी संख्या भी पिछले वर्ष के अपेक्षा संख्या बढ़ी हुई पाई गई।इसके बाद टीम ने झील में पानी कम होने पर चिंता जताई।इस बारे में जब रेंजर सर्वेश कुमार भदौरिया सें जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि सर्दियों में बरसात से झील के पानी मे बढोत्तरी हो जाती है।अगर बरसात न हो तो रजवाह से पानी झील में लाकर वह पानी भर लेंगे।शिव नादर यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर व वनस्पति विशेषज्ञ डॉ.प्रेम पांडे ने बताया कि उन्होंने अक्टूबर में समान पक्षी बिहार का निरीक्षण किया था।जिसमें एक जलीय मांसाहारी पौधे यूटरीकुलैरिया स्टेलारिस की प्रजाति भी पाई गई थी जिसको सरंक्षित किया जाएगा '

# नौ ब्लॉक से 396 स्वयं सेवी महिलाए प्रयागराज हुए रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**मैनपुरी।** मैनपुरी के नौ ब्लॉक से 396 स्वयं सेवी महिलाए इलाहाबाद के लिए रवाना हुई नौ ब्लॉक से ग्यारह बसों को गठित किया गया।करहल के अति विशिष्ट डाक बंगले से मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ओर अपर अधीक्षक मधुबन कुमार ने हरी झन्डी दिखाकर इलाहाबाद के लिए रबाना किया प्रत्येक बस मे एक महिला उपनिरीक्षक आरक्षी को सुरक्षा व्यवस्था सुधारक के लिए भेजा गया ।विनोद कुमार ने बताया कि स्वम सहायता समूह एवं सखी आदि महिलाए सुरक्षा कर्मियों के साथ 21दिसम्बर को इलाहाबाद के परेड ग्राउंड मे सम्पन्न होने जा रही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जन सभा मे सिरक्त करेंगी ।बताया यहा से गई सभी स्वम सेवी महिलाए सोमवार की शाम को फतेहपुर जनपद के थानाक्षेत्र आव मे विश्राम करने की पूरा व्यवधान किया गया ओर मंगलवार की सुबह को इलाहाबाद के परेड ग्राउंड मे पहुंचेगी ' बताया कि बुधवार को अपने घर वापस लौटेगी बसो को रवाना करते समय मोखे पर खण्ड विकास अधिकारी लुकमणी देवी व वी डी यो राजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

## यूपी में नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी

# सरकारी ठेके पर बेची जाती थी नकली शराब, तीन तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** क्राइम ब्रांच, भदोही कोतवाली और आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को भदोही के पिपरिस गांव में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मौके से भारी मात्रा में शराब और उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो भाग गए। आरोप है कि नकली शराब सरकारी दुकान से बेची जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपरिस गांव में नकली शराब तैयार कर सरकारी मदिरा की दुकान से बेची जाती है। शुक्रवार को सीओ अजय कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने छापा मारकर तस्कर सुलाबचंद्र गौतम, गुलाब चंद्र गौतम निवासी रमैया पिपरिस और सुरेश यादव निवासी असनांव बाजार को गिरफ्तार किया।सरकारी मदिरा के दुकानदार के घर से तीन ड्रम केमिकल, 48 लीटर कच्ची शराब, 1617 शीशी ठेके की शराब, 13 शीशी खाली और 810 ढक्कन, रैपर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ठेके की शराब में नकली शराब मिलाकर नई शीशी तैयार करते हैं। घमहापुर निवासी क्रांति बिंद खाली शीशी मुहैया कराता है। बताया कि अविनाश बिंद और कालू फरार हो गए। दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। आरोपियों के खिलाफ जालसाजी समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर चालान किया गया।

# भदोही में दर्दनाक हादसा: ट्रेन से कटकर महिला व बालक की मौत, कई हिस्से में कटे दोनों के शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** भदोही में सुरियावां थाना क्षेत्र में बदलीपुर रेलवे फाटक के समीप बुधवार की शाम करीब पांच बजे ट्रेन से कटकर 35 वर्षीय महिला व 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। दोनों की पहचान नहीं हो सकी। बदलीपुर रेलवे क्रासिंग के पश्चिम तरफ की ओर शाम सवा पांच बजे कामायनी एक्सप्रेस अप जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन के चालक को ट्रैक पर लाश दिखी। ट्रेन की रफ्तार कम थी ऐसे में चालक ने ट्रेन रोककर इसकी सूचना नजदीकी रेलवे स्टेशन को दी।

स्टेशन मास्टर के जरिए घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में ले लिया। कई हिस्से में दोनों के शव कटे होने के कारण पहचान करने में दिक्कत हो रही है। सुरियावां थाने के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर पांडेय ने बताया कि महिला की साड़ी से पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। आस-पास गांवों के लोगों को बुलाकर भी पहचान करायी गई, लेकिन कोई पहचान नहीं सकी है। उधर, थोड़ी देर के बाद कामायानी एक्सप्रेस रवाना हुई।

## पूर्व मकान मालिक ने प्रेमिका और उसके दो बच्चों की हत्या कर दफनाया था, भदोई से गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** बबैल रोड पर शिव नगर स्थित एक मकान में मिले तीन कंकालों के मामले में पुलिस ने पूर्व मकान मालिक 47 वर्षीय अहसान सैफी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, अहसान ने ही करीब ढाई साल पहले अपनी प्रेमिका और उसके दो बच्चों की हत्या कर शवों को घर की लॉबी में दबा दिया था। शवों के साथ ही संभावित कत्ल के हथियार छुरे को भी रख दिया था और मकान बेचकर भाग गया था। पुलिस की अहसान से पूछताछ जारी है। पानीपत में अपनी प्रेमिका और उसके दो बेटों की हत्या करने के बाद वह उत्तर प्रदेश के भदोई भाग गया और मामदेवपुर स्थित कांशीराम शहरी आवासीय योजना में किराए पर मकान लिया। अहसान सैफी ने वहां पर कारपेंटर का काम शुरू कर दिया। इतना ही नहीं कांशीराम शहरी आवासीय योजना में दूसरी प्रेमिका के साथ रहने लगा था। सीआईए-1 प्रभारी राजपाल अहलावत ने बताया कि फिलहाल अहसान से पूछताछ जारी है। तीनों हत्याएं उसी ने की हैं, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। सीआईए-1 की टीम कंकाल मिलने के 24 घंटे के अंदर ही ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया। हत्या आरोपी अहसान से पूछताछ जारी हैं। वीरवार को उसे कोर्ट में पेश कर हत्या का कारण जानने के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। गौरतलब है कि शिवनगर कालोनी में मंगलवार की दोपहर मकान की मरम्मत के दौरान खुदाई में एक महिला और दो बच्चों के कंकाल मिले थे।

तीनों कंकाल की पानीपत में जांच नहीं हो सकी, उनकी जांच के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। तीन नर कंकाल मिलने का मामला चंडीगढ़ तक पहुंच चुका है, जिसके बाद से सीएम मनोहर लाल खुद डीजी से अपडेट ले रहें हैं। उच्च अधिकारियों ने पानीपत पुलिस को निर्देश दिया है ।

# भूमि अधिग्रहण के लिए विभाग ने शुरू की कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** फौजदारी आदि विवादों के लिए अब नगर एवं क्षेत्र के लोगों को जनपद नहीं भागना पड़ेगा।कुसमरा रोड पर ही मुंसिफ कोर्ट बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा भूमि का चयन कर लिया गया है यही नहीं विभाग द्वारा चयनित भूमि को अधिग्रहण करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। रविवार को नासिर अहमद डकैती जज, नितिन सक्सेना न्यायालय प्रबन्धक, विनय दुबे अमीन कमिश्नर रवि सागर सिविल जज ने किशनी पहुंचकर कुसमरा मार्ग पर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सौनासी मौजा की भूमि का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा यहां पर मुंसिफ कोर्ट के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई है। मुंसिफ कोर्ट बनाने के लिए आवश्यक 20 एकड़ भूमि सोनासी मौजा के अंतर्गत आने वाली भूमि का चयन कर लिया गया है। इस भूमि का जल्दी ही अधिग्रहण कर लिया जाएगा। शासन द्वारा अनुमति मिलते ही कोर्ट के निर्माण को भी प्रारंभ करा दिया जाएगा। मुंसिफ कोर्ट बनने की खबर से नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है इस मौके पर तहसीलदार कमल कुमार सिंह,नायब तहसीलदार रोहित यादव,लेखपाल कुलदीप यादव आदि लोग '

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वादा

## योगी को जिताएं, यूपी में अमेरिका जैसी सड़कें बनवा दूंगा

**जौनपुर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जनता का आह्वन किया कि योगी पर भरोसा जताते हुए दोबारा सरकार बनायें तो 2022 में यूपी को पूरी तरह बदल देंगे। 5 लाख करोड़ की परियोजनाएं यूपी को देंगे। गडकरी ने कहा कि मैं आपको वचन देता हूं, विश्वास दिलाता हूं कि एक बार फिर योगी सरकार पर भरोसा जताइए, फिर यूपी की सड़कें यूरोपियन स्टैंडर्ड की नहीं बल्कि अमेरिका जैसी होंगी। ऐसा ही मार्ग अयोध्या को जोड़ने के लिए बनाऊंगा। मैं झूठ नहीं बोलता, करके दिखाऊंगा। सोमवार को जौनपुर के मछलीशहर में आयोजित सभा में नितिन गडकरी ने जिले में 1538 करोड़ की लागत से तीन




राष्ट्रीय राजमार्ग (86 किमी) और 348 अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा मुझे याद आ है जब मैं भाजपा अध्यक्ष था तो तीन बातें राष्ट्रवाद, सुशासन, विकास पर पार्टी चल रही थी। उस वक्त यूपी में हमारा शासन नहीं था। योगी जी ने यूपी की सत्ता में रहने के बाद माफिया, गुंडागर्दी को बुलडोजर से कुचलने के साथ अपराध पर अंकुश लगाकर सुशासन दिया। जब सुशासन रहेगा तभी बाहर से अनुकूल माहौल मिलने पर कम्पनियां निवेश करेंगी। अब कम्पनियां निवेश कर रही हैं। आज पूरा देश योगी आदित्यनाथ को इस बात के लिए याद करता है कि उन्होंने यूपी को माफियाओं से मुक्ति दिलाकर, यूपी को विकास की राह पर लाकर खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि पहली बार देश के इतिहास में गंगा को अविरल व शुद्ध करके दिखाया। सवा तीन सौ करोड़ का टॉयलेट का पानी बेचकर कमा रहे हैं। हमारा किसान गांव में ग्रीन हाइड्रोजन तैयार करेगा। पार्टी में पारदर्शिता का उल्लेख्य करते हुए कहा कि मुझे पता भी नहीं था कि एक छोटा सा कार्यकर्ता जिस पर अटल जी, आडवाणी जी जैसे नेता बैठे थे, उस कुर्सी पर बैठने का मौका मिलेगा लेकिन भाजपा परिवारवाद, वंशवाद की पार्टी नहीं है कि प्रधानमंत्री का बेटा ही प्रधानमंत्री बनेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया की ताकत बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रचर की जरूरत है। नितिन गडकरी ने इस जरूरतों को पूरा किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा छोटी सोच के लोग बड़ा काम नहीं कर सकते। पिछली सरकारों के लोग परिवारवाद व वंशवाद की सोच वाले थे उनसे बड़े काम की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

## फतेहपुर : जेट्रोफा का फल खाने से स्कूल के 40 बच्चों की हालत बिगड़ी, सभी अस्पताल में भर्ती



**फतेहपुर।** फतेहपुर में खजुहा ब्लाक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़रांव में जेट्रोफा का फल खाने से 40 बच्चों की तबियत बिगड़ी गई। स्कूल के लंच टाइम में बच्चों ने भोजन किया और फिर खेलते खेलते पड़ोस की बाग में चले गए। बाग में जेट्रोफा के फलों को बच्चों ने खाया और फिर कक्षाओं में लौट आए। इसी, बीच ढाई बजे कुछ बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। पलभर में यह संख्या बढ़ने लगी तो शिक्षकों के हाथ-पैर फूल गए।

मामले की सूचना खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह को दी। प्रधानाध्यापक ने आनन फानन में सरकारी एंबुलेंस बुलाकर बच्चों को बारी-बारी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा। अस्पताल में भर्ती करके इलाज शुरू किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। बीएसए संजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि बच्चों के द्वारा लंच टाइम में स्कूल से सटी बाग में उगे जेट्रोफा के फल खा लिए गए है। जिससे उल्टी-दस्त की शिकायत पर 35 बच्चों को अभी तक अस्पताल में दाखिल किया गया है। मामले पर नजर रखी जा रही है।

## डार्क पूर्व सांसद डॉक्टर गौरीशंकर राजहंस नहीं रहे

**सुल्तानगंज, भागलपुर।** सुल्तानगंज के गौरव पूर्व सांसद डॉक्टर गौरीशंकर राजहंस का सोमवार को दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। पूर्व भारतीय राजदूत, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, लेखक भी रहे 84 वर्षीय राजहंस के निधन पर राज्यपाल फागू चौहान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तारकिशोर और रेणु देवी समेत तमाम लोगों ने शोक जताया है। राज्यपाल फागू चौहान ने कहा कि डॉ. राजहंस बिहार के झंझारपुर से सांसद रहे और उन्होंने लाओस और कम्बोडिया में भारत के राजदूत के रूप में उत्कृष्ट सेवा दी। वह हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार एवं लेखक थे। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।



नीतीश कुमार ने शोक जताते हुए कहा कि डॉ. गौरीशंकर राजहंस हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार, स्तम्भकार एवं लेखक भी थे। डॉ. राजहंस का निधन अत्यंत दुखद है। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

### रूस का 'जैसे को तैसा' जवाब, जर्मनी के दो राजनयिकों को देश से निकाला

**मॉस्को।** रूस ने 'जैसे को तैसा' कार्रवाई के तहत जमर्नी के दो राजनयिक को देश छोड़ने का हुक्म दिया है। इससे पहले जर्मनी ने अपने देश से रूस के दो राजनयिकों को निकाल दिया था। जर्मनी ने यह कार्रवाई बर्लिन की एक अदालत के फैसले के बाद की थी। अदालत ने कहा था कि बर्लिन में दो साल पहले चेचन व्यक्ति की हत्या के लिए मॉस्को जिम्मेदार है। मॉस्को ने बर्लिन की अदालत के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे खारिज कर दिया था और रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जर्मनी के राजदूत को तलब किया था ताकि उन्हें राजनयिकों को निष्कासित किए जाने के बारे में जानकारी दी जा सके। मंत्रालय ने इसे जर्मनी की सरकार द्वारा नाखुशगवार फैसलों की प्रतिक्रिया बताया है।

## पंजाब सेक्टर में हुई एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की तैनाती, चीन और पाकिस्तान को देगा मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारत को आंख दिखाने वालों की अब खैर नहीं है। भारत को रूस से एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की पहली खेप मिल गई है। भारतीय वायुसेना ने इस एस-400 मिसाइल सिस्टम के पहले स्क्वाड्रन को पंजाब सेक्टर में तैनात कर दिया है। पंजाब सेक्टर में तैनाती के बाद यह मिसाइल सिस्टम पाकिस्तान और चीन दोनों के हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। सरकार के सूत्रों ने बताया है कि रूसी मिसाइल सिस्टम के पार्ट्स इस महीने की शुरूआत में भारत पहुंचने लगे थे और अगले कुछ हफ्ते में इसकी यूनिट भी शुरू हो जाएगी। भारत और रूस के बीच एस-400 मिसाइल सिस्टम के लिए करीब 35000 करोड़ रुपए की डील हुई है। यह एयर डिफेंस



सिस्टम 400 किमी तक हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। भारत को रूस से इसके पांच स्क्वाड्रन मिलेंगे। इस साल के अंत तक पहली स्क्वाड्रन डिलीवरी पूरी होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि एस-400 के पार्ट्स को समुद्री और हवाई दोनों मार्गों से भारत लाया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि पहले स्क्वाड्रन की तैनाती के बाद वायुसेना देश के भीतर कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना शुरू कर देगी।

हालांकि, इस सिस्टम के इस्तेमाल के लिए वायु सेना के कुछ अधिकारी और कर्मी रूस में प्रशिक्षण ले चुके हैं। एस-400 की तैनाती के बाद भारत की आसमान में ताकत बढ़ जाएगी। मात्र कुछ सेकेंडों में ही एस-400 दुश्मन देशों के मिसाइल को ध्वस्त कर देगा। एस-400 मिसाइल सिस्टम चार अलग-अलग मिसाइलों से लैस है, जो दुश्मनों के विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों और और अहअउर विमानों को 400 किमी, 250 किमी, मध्यम दूरी की 120 किमी और 40 किमी की दूरी से मार सकती है।

## 'हमें मंजूर नहीं', जम्मू को 6 सीटें ज्यादा देने के प्रस्ताव पर भड़के फारुक अब्दुल्ला, 19 सीटों पर होगा आरक्षण

**नई दिल्ली जम्मू।** जम्मू कश्मीर में विधानसभा सीटों का परिसीमन कर रहे आयोग ने जम्मू में 6 अतिरिक्त सीटें गठित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा कश्मीर में भी एक सीट बढ़ेगी। यही नहीं परिसीमन आयोग ने 16 सीटों के आरक्षण का भी प्रस्ताव दिया है। इन आरक्षित सीटों में से 9 सीटें जनजातीय समुदायों और 7 सीटें दलित वर्ग के लिए आरक्षित होंगी। हालांकि परिसीमन आयोग की सिफारिशों पर बवाल मच गया है और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने परिसीमन आयोग की रिपोर्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा पीडीपी ने भी आयोग की रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वह भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है। पहली बार परिसीमन आयोग की मीटिंग में शामिल हुए फारुक अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अन्य नेताओं ने रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि इसमें सीटें तय करने के मामले में पक्षपात किया गया है। पार्टी ने रिपोर्ट पर साइन न करने का फैसला लिया है। जम्मू कश्मीर के प्रस्तावित इलेक्टोरल मैप को लेकर भाजपा से करीबी रखने वाली पार्टियों जेके अपनी पार्टी और पीपल्स कॉन्फ्रेंस ने भी आपत्ति जताई है। कश्मीर में फिलहाल 46 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू में 37 सीटें हैं। नए प्रस्ताव के मुताबिक जम्मू में अब 43 सीटें हो जाएंगी, जबकि



कश्मीर में यह आंकड़ा 47 हो जाएगा। 2011 की जनगणना के मुताबिक जम्मू की आबादी 53.72 लाख है, जबकि कश्मीर की जनसंख्या 68.83 लाख है। एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इस पर आपत्ति जताई है तो वहीं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि इस रिपोर्ट पर सभी की सहमति है। उन्होंने कहा, 'अब्दुल्ला ने मीटिंग में कहा था कि हमें परिसीमन आयोग के बारे में गलत जानकारी दी थी। उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। आयोग ने अब जम्मू कश्मीर में सीटों की संख्या बढ़ाकर 90 करने का फैसला लिया है। आयोग ने जनसंख्या, जिलों के भूगोल और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए ये सिफारिशें दी गई हैं।

परिसीमन आयोग ने आज मीटिंग में नेताओं को प्रजेंटेशन दी। इस दौरान डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर चंद्र भूषण कुमार ने कहा, 'पिछली बार हुए परिसीमन के बाद से अब तक जिलों की संख्या बढ़कर 12 से 20 हो गई है। इसके अलावा तहसीलें भी अब 52 से बढ़कर 207 हो गई हैं। इसके अलावा जनसंख्या का घनत्व भी बहुत अलग है। किश्तवाड़ में यह प्रति स्क्वायर किलोमीटर 29 है तो श्रीनगर में 3,436 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।' उन्होंने कहा कि ऐसी ही चीजों को ध्यान में रखते हुए 20 जिलों को ए, बी और सी कैटिगरी में डिवाइड किया गया है। इसके बाद विधानसभाओं का गठन आबादी और क्षेत्र के अनुपात में किया गया है।



कड़ाके की ठंड : लखनऊ में शिमला से ज्यादा सर्दी, पारा 6 डिग्री के नीचे लुढ़का

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत पूरा उत्तर प्रदेश कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहा है। रविवार की रात इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात गुजरी। बीती रात लखनऊ शिमला से ज्यादा ठंडा रहा। पारा 5.5 डिग्री तक लुढ़क गया, जबकि शिमला में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में अगले दो दिन पारा और गिरने की संभावना है। इसके बाद गुरुवार से मामूली राहत मिलने का अनुमान है। मौसम ने पिछले चार दिनों से मिजाज बदला है। चार दिन पहले न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। इसके बाद से न्यूनतम तापमान नीचे गिरता जा रहा है। बीती रात लखनऊ में रात 2.30 बजे के आसपास पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। सुबह हल्की घुंध छाई रही। सुबह सात बजे तापमान 8 डिग्री और नौ बजे 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान कम होने से लोगों को गलन का अहसास भी हुआ।

मौसम विभाग को मंगलवार और बुधवार को पारा और गिरने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में जबर्दस्त शीतलहर है। अगले तीन दिन सर्दी ज्यादा पड़ने का अनुमान है। वहीं, बीते 24 घंटे में प्रदेश में सबसे ठंडा जिला नजीबाबाद रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा मेरठ में 3.3 डिग्री, झांसी में 4.5 डिग्री, चुर्क में 4.9 डिग्री, आगरा में 5.1 डिग्री, अलीगढ़ 5.4 डिग्री, प्रयागराज में 5.2 डिग्री, बहराइच और वाराणसी में 5.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## ओमिक्रॉन पर बोला डब्लूएचओ, डेल्टा की तुलना में ज्यादा तेजी से फैल रहा यह वैरिएंट

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि कोरोन वायरस का ओमिक्रॉन वैरिएंट डेल्टा स्वरूप की तुलना में तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा यह पहले से टीका लगाए लोगों या फिर कोविड-19 से उबर चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्येयियस ने सोमवार को कहा कि यह सबूत मिले हैं कि ओमिक्रॉन वैरिएंट डेल्टा की तुलना में काफी तेजी से फैल रहा है। टेड्रोस ने यह जानकारी जिनेवा में डब्ल्यूएचओ मुख्यायल में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दी।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि यह अधिक संभावना है कि ओमिक्रॉन वैरिएंट कोरोना से रिकवर हो चुके और टीका ले चुके लोगों को फिर से संक्रमित कर सकता है। वहीं, डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि वैरिएंट कुछ इम्यून रिस्पॉन्स वालों से दूर रहा है, इसलिए जिन देशों में टीके के लिए बूस्टर प्रोग्राम शुरू किए जा रहे हैं उन्हें सबसे पहले कमजोर प्रतिरक्षा वालों पर ध्यान देना चाहिए। स्वामीनाथ ने कहा कि हमें विश्वास नहीं है



कि सभी टीकें पूरी तरह से अप्रभावी हो जाएंगे। डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञ आब्दी महमूद ने कहा 'हालांकि हम न्यूट्रलाइजेशन एंटीबॉडी में कमी देख रहे हैं, लगभग सभी डेटा से पता चलता है कि टी-कोशिकाएं बरकरार हैं, वास्तव में हमें यही चाहिए।' हालांकि, डब्ल्यूएचओ की टीम ने नई लहर का सामना कर रही दुनिया को कुछ उम्मीद भी दिखाई है। टीम ने कहा कि साल 2022 वह साल हो सकता है जब 5.6 मिलियन से अधिक लोगों की जान लेने वाली यह महामारी दूसरे और तीसरे जेनरेशन के टीकों को निर्माण के साथ खत्म हो सकती है।


## रूस का 'जैसे को तैसा' जवाब, जर्मनी के दो राजनयिकों को देश से निकाला

**मॉस्को।** रूस ने 'जैसे को तैसा' कार्रवाई के तहत जमर्नी के दो राजनयिक को देश छोड़ने का हुक्म दिया है। इससे पहले जर्मनी ने अपने देश से रूस के दो राजनयिकों को निकाल दिया था। जर्मनी ने यह कार्रवाई बर्लिन की एक अदालत के फैसले के बाद की थी। अदालत ने कहा था कि बर्लिन में दो साल पहले चेचन व्यक्ति की हत्या के लिए मॉस्को जिम्मेदार है। मॉस्को ने बर्लिन की अदालत के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे खारिज कर दिया था और रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जर्मनी के राजदूत को तलब किया था ताकि उन्हें राजनयिकों को निष्कासित किए जाने के बारे में जानकारी दी जा सके। मंत्रालय ने इसे जर्मनी की सरकार द्वारा नाखुशगवार फैसलों की प्रतिक्रिया बताया है।

मंत्रालय ने चेताया कि रूस बर्लिन की ओर से उठाए जाने वाले किसी भी संभावित टकराव वाले कदम का जवाब देने से हिचकिचाएगा नहीं। बर्लिन के क्षेत्रीय अदालत के न्यायधीशों ने बुधवार को 56 वर्षीय वादिम क्रैसिकोव को जेलीमखान 'तोरनिके' खानगोशविली की हत्या करने का दोषी पाया था।

दुनिया पर मंडरा रहा खतरा

### ब्रिटेन में कोरोना का विस्फोट, एक दिन में मिले 92 हजार नए केस

**लंदन।** ब्रिटेन में एक बार फिर से कोरोना वायरस विस्फोटक रूप देखने को मिला है। सोमवार को ब्रिटेन में कोरोना वायरस के 91,743 केस सामने आए हैं, जबकि संक्रमण की पुष्टि होने के 28 दिनों के भीतर 44 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के 8044 नए केस मिले हैं। देश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के बाद एक बार फिर से लॉकडाउन की चर्चा शुरू हो गई है। यह पूछने पर कि क्या लॉकडाउन लगाया जा सकता है ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री डोमिनिक राब ने कहा, "मैं पक्का-पक्का कोई वादा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि टीकाकरण के कारण पिछले साल के मुकाबले इस साल क्रिसमस बेहतर होगा... खास तौर से टीकाकरण के स्तर और बूस्टर अभियान के कारण। लोगों को खास ख्याल रखना चाहिए।'

ब्रिटेन में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, इस बारे में 'कोई सबूत नहीं' है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रॉन वैरिएंट, डेल्टा वैरिएंट की तुलना में कम भयावह है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि नया स्वरूप (ओमिक्रॉन) पिछले संक्रमण या टीके की दोनों खुराकों से मिली प्रतिरक्षा को बड़े पैमाने पर चकमा देता है। उन्होंने कहा, 'हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने संबंधी आंकड़े इस वक्त बहुत कम हैं।' अध्ययन में इंग्लैंड में सभी पीसीआर जांच से पुष्टि किए गए सार्स-कोवी-2 के सभी मामलों के डेटा का उपयोग किया गया, जिनकी 29 नवंबर और 11 दिसंबर, 2021 के बीच कोविड-19 की जांच की गई थी।

### उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को राहत, सड़क हादसा मामले में कोर्ट ने किया बरी

**नई दिल्ली।** बहुचर्चित उन्नाव रेप पीड़िता के सड़क हादसा मामले में दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बरी कर दिया है। इससे पहले सीबीआई ने भी उन्नाव रेपी पीड़िता के सड़क हादसा मामले में किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया था। कोर्ट ने सीबीआई की जांच के इसी परिणाम को बरकरार रखा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में दुष्कर्म पीड़िता, उसके परिवार के सदस्य और वकील एक कार में सवार थे, तभी रायबरेली में तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें पीड़िता के दो रिश्तेदारों की मौत हो गई थी। पीड़िता व उसका वकील गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। इस दुर्घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर एवं नौ अन्य के खिलाफ हत्या का एक मामला दर्ज किया गया था।


**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506